'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 22 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए रविवार, 07 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है : नायब सिंह सैनी

## कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्याय शब्द बेमानी, क्योंकि कांग्रेस ने सदा अन्याय किया : मुख्यमंत्री

## जींद में विजय संकल्प रैली में गरजे मुख्यमंत्री नायब सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में हैं। नायब सैनी ने कांग्रेस द्वारा घोषित चुनाव घोषणा पत्र में किए गए न्याय शब्द के प्रयोग पर कड़ी आपतति भी जाहिर की और कहा है कि कांग्रेस को अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करने से पहले अपने पूर्वजों द्वारा किए गए कार्य को देखना चाहिए था और यह देखना चाहिए था कि कांग्रेस के शासनकाल में देश के साथ कितना अन्याय हुआ है।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार जींद पहुंचे नायब सैनी ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बडोली के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में एक सिलेंडर के लिए लोगों को तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था। महिलाओं को पीने का पानी एक किलोमीटर दूर से भर कर लाना पड़ता था। भारत-पाकिस्तान सीमा पर खड़े जवान को पत्थरों का सामना करना पड़ता था। एक नौकरी के लिए पूरे गांव को विधायक और मंत्रियों के चक्कर काटने पड़ते थे। गरीब इलाज के अभाव में मर जाता था। पूर्व सैनिक वन रैंक वन पेंशन के लिए लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने किसी भी बात पर ध्यान नहीं दिया और मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही इन सब चीजों को देखा और लोगों को न्याय देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है और देश लगातार तरक्की की राह पर चल रहा है। देश में फोरलेन सड़कें बनाई गई हैं। रेलवे और एयर कनेक्टिविटी जोड़ी गई है। पिछले 10 सालों में 23 नए एम्स बनाकर लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। डबल इंजन की सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का काम किया है जबकि 2014 से पहले बिजली आते ही नहीं थी। डबल इंजन सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा के किसी भी गांव से बेटी को पढ़ने के लिए कॉलेज में जाने के लिए 20 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय नहीं करनी पड़ती। पूरे प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है जो राजमार्ग से नए जुड़ा हुआ हो।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश को ऐसे नेतृत्व पर गर्व है, जिसके ऑटोग्राफ लेने के लिए शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी लालायित रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नेतृत्व सैकड़ो वर्षों में मिलता है। और आज देश 400 पार का नारा लगा रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करवाकर मोहन सिंह बडोली को लोकसभा में भेजें उसके बाद सारी जिम्मेवारी वह खुद देख लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अपने हर वादे को निभाते हुए सभी काम किए। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ मकान बनाकर गरीब लोगों को देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। कांग्रेस के राज में बातें ज्यादा होती थी और काम धरातल पर होता ही नहीं था, लेकिन पिछले 10 सालों में बातें कम हुई है और काम ज्यादा हुआ है। उन्होंने कांग्रेस सरकार से भाजपा सरकार की तुलना करते हुए कहा कि आज किसान पूरी तरह से सुरक्षित और निश्चिंत है। कांग्रेस के 10 साल के शासन में किसानों को फसल खराब होने पर केवल 1100 करोड रुपए का मुआवजा दिया गया था जबकि वर्तमान सरकार ने पिछले साढ़े 9 साल में 12000 करोड रुपए से ज्यादा का मुआवजा किसानों को दिया है।

मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व भी निभाने वाले नायब सिंह सैनी ने आज पार्टी के 44 में स्थापना दिवस के अवसर पर जींद में उपसथित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी दो सांसदों से शुरू हुई थी और पिछले चुनाव में पार्टी 303 सांसदों तक पहुंच गई और आने वाले समय में इसकी संख्या में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सीएम हाउस के दरवाजे 24 घंटे जींद के लोगों के लिए खुले हुए हैं। वह किसी भी समय सीएम हाउस में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोहनलाल बडोली सांसद बनने के बाद लोगों की सेवा और भी बेहतर तरीके से कर सकेंगे।

जींद में विजय संकल्प रैली में मुख्य रूप से सांसद एवं जिला प्रभारी कृष्ण पंवार, विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा, हांसी के विधायक विनोद भयाना, पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेंद्र पूनिया, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग, हरियाणा सरकार में चेयरमैन अमरपाल राणा, कर्मवीर सैनी, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, पूर्व विधायक जसवीर देशवाल, कलीराम पटवारी, जींद नगर परिषद की अध्यक्ष अनुराधा सैनी, पार्टी के जिला प्रधान राजू मोर, प्रदेश सचिव जवाहर सैनी, पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश मीडिया समन्वयक अशोक छाबड़ा मौजूद थे।

**जींद के विधायक ने गिनवाए कार्य**

जींद के विधायक डॉ कृष्ण लाल मिढ़ा ने प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जींद में करवाए गए कार्यों को गिनवाते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश बदल रहा है। देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जिसके कहने पर युद्ध विराम भी हुआ। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता ने 5 साल और मोदी सरकार को दिए तो देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने जींद के विकास कार्यों में जींद यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, नहरी स्वच्छ पेयजल, चारों तरफ बना हाईवे का जाल, आयुष्मान और चिरायु कार्ड आदि का जिक्र किया।

**अनाज मंडी एसोसिएशन ने भेंट की गदा**

अनाज मंडी एसोसिएशन जींद के प्रधान बबलू गोयल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को गदा भेंट की। बबलू गोयल मार्केट कमेटी में उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

**अनेकों ने थामा बीजेपी का दामन**

जींद में भाजपा की विजय संकल्प रैली में अनेक लोगों ने दूसरी पार्टियों से किनारा कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। इनमें जींद नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले अतुल प्रताप चौहान, जनता दल यूनाइटेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल मघान, जदयू के पूर्व कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, पूर्व एसडीएम वीरेंद्र सांगवान, कांग्रेस से सुमित शर्मा सरडा, महेंद्र सिंह मलिक, जेजेपी से राजवीर शर्मा सफीदों शामिल थे। इन सभी को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पटका पहन कर पार्टी में शामिल किया।

# 2024 लोकसभा चुनाव : इस बार 1999 जैसा हाल ना हो जाए ! सांसद राव इंद्रजीत का




Rao Inderjit Singh (Modi Ka Pari...
@Rao_InderjitS
राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, देश सेवा के पुनीत पथ पर दिवस-रात्रि अग्रसरित रहने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को भी पार्टी के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
Translate post
10:30 AM · 06 Apr 24 · 20 Views
1 Repost 1 Like

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरूग्राम।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों जोरों पर चल रही है। जिसमें सभी बड़ी और छोटी क्षेत्रिय राजनीतिक पार्टियां बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। वहीं जहां देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा 400 पार का नारा दे रही है, वहीं कांग्रेस भी सरकार बनाने के दावे ठोक रही है। वहीं हरियाणा और दिल्ली की बात करें तो जजपा और आम आदमी पार्टी भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हुई है, वहीं आसपास के राज्य जैसे कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर होने जा रही है। हालांकि अभी तक सभी पार्टियों में उम्मीदवारों की उठा पटक चल रही है लेकिन फिर भी सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी जीत के दावे ठोक रहे है। हरियाणा में तो कई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवारो का जमकर विरोध हो रहा है। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवारों पर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है,कि किस सीट से किस उम्मीदवार को उतारना सही रहेगा कि जो अपनी सीट निकल सके। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने मैदान में राव इंद्रजीत को टिकट दी है, लेकिन इस बार उनको भी सीट निकालने में काफी जहोजिहाद करना पड़ सकता है, क्यों कि गुरुग्राम में इस बात की चर्चा हर गली मोहल्ले में है कि अहीर रेजिमेंट को लेकर क्षेत्रीय सांसद ने समाज की कोई पैरवी नहीं की थी। वहीं अहीरों में इस बात की चर्चा भी जोरों पर चल रही हैं कि सांसद केवल अपनी राजनीतिक चमकाने के लिए राव तुलाराम के वंशज कहे जाने वाले राजा परिवार ने अपने ट्विटर अकाउंट पर नाम ही चेंज कर दिया। जबकि बीते रोज मीडिया में यह भी चर्चा थी कि वह यह अपना अंतिम चुनाव बता रहे हैं। और अपनी राजनीतिक विरासत अपनी पुत्री को सौंपने वाले हैं। हालांकि मामला चाहे जो भी हो लेकिन राजनीतिक गलियारों में खासकर अहीर समाज में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि गुरुग्राम सांसद अब मोदी परिवार के हो गए हैं।

वहीं लोगों में इस बात का भी रोष है, कि नगर निगम के कई पार्षद जिन्होंने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करके सरकार की छवि खराब की है। उनके भी संरक्षक बने रहे हैं। सांसद ने बहुचर्चित मानेसर 1810 एकड़ जमीन मामले में भी किसानों की कोई मदद नहीं की जिसको लेकर भी किसानों के मन में उनके प्रति भयंकर आक्रोश है। वहीं गांव मानेसर, पचगांव,कासन सहित आसपास के किसानों ने अपना रोष प्रकट करते हुए मीडिया के सामने कई दफा कहा है कि भाजपा को उनका असली चेहरा आने वाले चुनावों में दिखाएंगे। जिसका अब समय आ गया। जिससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार गुरुग्राम सांसद की राहे आसान नहीं है। कहीं उनके साथ पहले जब वे कांग्रेस की टिकट पर लड़े लोकसभा चुनाव बीजेपी की उम्मीदवार डाक्टर सुधा यादव से बुरा तरह 1999 में हारे थे।

वहीं मीडिया में यह भी सुनने में मिल रहा है कि भाजपा अबकी दफा 200 का आंकड़ा पार नहीं कर पाएंगी। वहीं गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मगर कांग्रेस की टिकट मांगने वाले एक कार्यकर्ता को तो धमकियां तक भी मिल चुकी है। अब यह तो आगामी 4 जून को ही पता लग पाएगा कि गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र मतदाता किसको विजय बनाकर देश की संसद में भेजेंगे जो क्षेत्र के मुद्दों को उठा सके।

# प्रदेश के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की हालत बिगड़ी मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व सीएम एवं इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की तबीयत अचानक बिगड़ गई जिससे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें एक दिन के लिए आईसीयू में रखा गया है। डॉ. रणदीप गुलेरिया की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के पूर्व सीएम को बीते बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है,उनको सांस लेने में परेशानी हो रही थी।



बता दें कि ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और उपप्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल के बेटे हैं। वह साल 2012 में जेबीटी भर्ती घोटाला में दोषी करार देते हुए तिहाड़ जेल में भी कारावास की सजा काट चुके हैं। अभी उनकी आयु 89 साल है। श्री चौटाला कई बार जोड़-तोड़ करके प्रदेश के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। वहीं बताया गया है कि अभी भी आय से अधिक सम्पतति का मामला अदालत में चल रहा है।

# बीजेंदर नेहरा : प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी हरियाणा, मेंबर फरीदाबाद ग्रीवेंस कमेटी (हरियाणा सरकार)

**समाचार गेट ब्यूरो**

बीजेंदर नेहरा, हरियाणा की राजनीतिक स्तर पर एक प्रमुख व्यक्ति हैं। उन्होंने अपनी नेतृत्व के माध्यम से राज्य में बीजेपी को मजबूत किया है और उन्हें समाज के भले के लिए काम करने का समर्पण दिखाया है। बीजेंदर नेहरा की व्यक्तित्व में एक विशेष संजीवनी है जो राजनीतिक दल को एक सकारात्मक दिशा में ले जाती है।



नेहरा जन्म से ही हरियाणा के धरती पर प्रेरित हुए हैं। उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी मेहनत और निष्ठा ने उन्हें उस स्थान तक पहुंचाया जहां वे आज हैं। उनका राजनीतिक सफर उनकी संघर्षशील दृष्टि और नेतृत्व कौशल का प्रतिबिंब है।

बीजेंदर नेहरा के राजनीतिक करियर की शुरुआत गाँव स्तर से हुई। उन्होंने अपने क्षेत्र में समाज के विकास के लिए काम किया और लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया। उनके साथ ही वे हरियाणा की जनता के बीच अपनी प्रेरणा और नेतृत्व कौशल को साझा करते रहे।

बीजेंदर नेहरा का राजनीतिक संघर्ष हमेशा सशक्त और सत्याग्रही रहा है। उन्होंने हरियाणा की समस्याओं को सुलझाने के लिए अपने प्रयासों में कभी थकावट नहीं मानी। उन्होंने अपने सांसद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, और विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शुरू किया।

नेहरा का योगदान बीजेपी के विकास में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने पार्टी को जनता के बीच और सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रमों की शुरुआत की है। उनकी नेतृत्व में हरियाणा में बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता ने उन्हें पार्टी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका दी है।

बीजेंदर नेहरा की नेतृत्व और कार्यक्षमता ने उन्हें हरियाणा की जनता के बीच बहुत लोकप्रिय बना दिया है। उनके सामाजिक कार्यों और नेतृत्व में एकीकृत प्रयासों के कारण, वे लोगों के बीच एक गहरी सम्मान की प्राप्ति कर चुके हैं।

अंत में, बीजेंदर नेहरा हरियाणा के राजनीतिक मंच पर एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। उनके प्रति उनके समर्थकों की श्रद्धा और समाज के विकास के प्रति उनका समर्पण उन्हें एक नेता के रूप में योग्य बनाता है। उनका योगदान हरियाणा की राजनीति में महत्वपूर्ण रहा है, और उनकी नेतृत्व में पार्टी की वृद्धि और सशक्तिकरण होता रहेगा।



# अजय गौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सैनी का हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के फरीदाबाद आगमन पर सेक्टर-16 स्थित लाला लाजपत राय चौक पर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया।

स्वागत समारोह में पहुंचने पर अजय गौड़ व फरीदाबाद क्षेत्र के मौजिज लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को भगवान परशुराम के सम्मान प्रतीक 'फरसा' तथा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज विपक्ष के पास सत्तापक्ष को घेरने का कोई मुद्दा ही नहीं बचा है, कांग्रेस के 55 सालों पर मोदी सरकार के दस वर्ष भारी पड़ रहे है और इसी विकास के बल पर लोकसभा चुनावों में भाजपा 370 पार एवं एनडीए 400 पार के नारे को सार्थक करने का काम करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाए और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए ताकि लोकसभा चुनावों में हरियाणा की दसों सीटों पर विजय हासिल करके नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाया जा सके। इस मौके पर अजय गौड़ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत और शिद्दत के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट गया है और यहां से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को दस लाख से भी ज्यादा वोटों के अंतर से जिताकर नया इतिहास रचने का काम करेगा।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ग्रीवेंस कमेटी के पूर्व सदस्य देवेंद्र दीक्षित, कैलाश चंद शर्मा, रवि अग्रवाल, दीपक शर्मा आदि ने अपने साथियों सहित मुख्यमंत्री जी की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने सभी को पटका पहनाकर उनका पार्टी मे शामिल होने पर उन्हें पूरा मान सम्मान देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू ठाकुर (जैजू) ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को हुक्का भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल जैलदार, डालचंद शर्मा, हरिन्द्र तोमर, सुखबीर मलेरना, ऋषिराज गुप्ता, देवदत्त शर्मा, राजकुमार तंवर, राजेंद्र तालान, नरवीर मलिक, सोमदत्त गौड़, मनोज भड़ाना, योगेश तेवतिया, रेशम सरदार, मूलचंद सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आज देश और दुनिया में बज रहा मोदी के नाम का डंका : कृष्णपाल गुर्जर

**भारत में सर्वाधिक मतों से जीतेंगे फरीदाबाद लोकसभा सीट - राजेश नागर**

**फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विधायक राजेश नागर ने जुटाया जनसमर्थन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आपने मुझे तब क्षेत्र का सांसद बनाया, जब कोई सोचता भी नहीं था कि भाजपा सरकार बनाएगी। अगर आप मुझे 2009 का चुनाव नहीं जिताते तो मैं आज यहां तक नहीं पहुंचता। यह बात फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कही। वह आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजेश नागर के साथ जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज रूस कहता है कि भारत पर किसी का दबाव नहीं है। चीन अपना माथा पीटता रहता है लेकिन भारत को रोक नहीं पाता है। आज हमारे पास पीएम नरेंद्र मोदी जैसा विशाल नेतृत्व है जिसका डंका देश और दुनिया में बज रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकसभा चुनाव में माहौल मोदी के पक्ष में है। आज देश 400 पार सीटें देने के लिए तैयार बैठा है और चार जून को केंद्र में फिर बड़े बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने वाला निर्णय मिलने जा रहा है।

उनके साथ विधायक राजेश नागर ने भी आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के भूपानी, नचौली, बदरपुर सैद, जसाना, शाहाबाद, तिगांव रोड खटाना आदि जगहों पर जनसमर्थन नागर ने कहा कि इस बार गुर्जर भारत में सर्वाधिक मतों के साथ लोकसभा पहुंचेंगे। नागर ने कहा कि पिछली बार गुर्जर देश में तीसरे नंबर पर आए थे लेकिन इस बार यह कसर भी दूर कर देंगे। उन्होंने कहा कि इस बार संगठन ने हर बूथ पर 370 अधिक मतों का लक्ष्य रखा है जिससे लाखों वोटों का अंतर पड़ेगा। नागर ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पुन: उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने हमें एक बार फिर नुमाइंदगी करने का अवसर दिया है। जहां लोगों से कहा कि इस बार आपको पहले से भी अधिक मतों के साथ भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर को जिताकर भेजना है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है जिसका अर्थ है कि वह अनेक ऐसी देशहितैषी योजनाओं के लिए कानून बनाना चाहते हैं जो अभी मुमकिन नहीं हो पा रहा है। उसके लिए समर्थन जुटाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब हमारी 400 सीटें होंगी तो हम देश को और गति से आगे ले जाने के लिए योजनाओं को बनाएंगे और उन्हें क्रियानवित करेंगे।

विधायक नागर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का आज पूरी दुनिया सम्मान कर रही है। वही अमेरिका मोदी के स्वागत के लिए खड़ा रहता है जिसने कभी कांग्रेसी शासन में उन्हें वीजा तक देने से इनकार कर दिया था। आज आस्ट्रेलिया का नेतृत्व मोदी को बॉस बता रहा है तो अफ्रीकन देशों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के पैर छू रहे हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और मोदी के राज में हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गए हैं जिसे तीसरे स्थान पर लाने के लिए मोदी का शासन बहुत जरूरी है।

नागर ने कहा कि आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सभी जगहों पर सडक़ों का विकास तेजी पर जारी है। यह बेहतर कनेक्टिविटी के लिए हो रहा है। आज देश में भी प्रतिदिन 50 किलोमीटर की रफ्तार से सडक़ों का निर्माण हो रहा है जबकि कांग्रेसी शासन में यह केवल 12-13 किलोमीटर प्रतिदिन था

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर फरीदाबाद पार्टी कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया

**दो सीटों से यात्रा शुरू करने वाली भाजपा इस बार 400 पार करेगी: नायब सैनी**

**कार्यकर्ता मोदी सरकार के काम पर गर्व से मांगे वोट : नायब सिंह सैनी**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भाजपा 44वें स्थापना दिवस पर फरीदाबाद में पार्टी का झंडा फहराते हुए कहा कि संसद में दो सीटों से अपनी यात्रा की शुरुआत करने वाली भाजपा इस बार 400 पार करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब वोटिंग तक वे घर न बैठें, बल्कि पब्लिक में जाकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर गर्व के साथ जनता के बीच जाएं और वोट मांगे। जनता का आशीर्वाद भाजपा और नरेंद्र मोदी के साथ है, इसलिए इस बार भी हरियाणा से सभी दसों लोकसभा सीटें जिताकर मोदी जी के पास भेजेंगे।

मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भाजपा कार्यालय अटल कमल में झंडा फहराने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के सामने पार्टी की अब तक की यात्रा का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 6 अप्रैल 1980 को स्थापना हुई। दो सीट से शुरू हुई यात्रा 303 पर चली गई है। देश आज एक सुर में बोल रहा है अबकी बार 400 पार। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास का एक नया आयाम छुआ है। मैं 2024 में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार हरियाणा में देख रहा हूं। जनता का मैंडेट लेकर तीसरी बार हरियाणा में कमल का फूल खिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुँचे तो कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सभी अपने मुख्यमंत्री का जबरदस्त एवं भव्य स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने मुख्यमंत्री जी का जिला कार्यालय पर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया ।

केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, महापौर सुमन बाला, मुख्यमंत्री मिडिया सलाहकार राजीव जेटली, मुकेश वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश रेक्सवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनपाल सिंह, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, वरिष्ठ उप महापौर, देवेन्द्र चौधरी, उप महापौर मनमोहन गर्ग, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, पूर्व महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह आदि नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया ढ्ढ मुख्यमंत्री के जिला कार्यालय आगमन पर छोटे छोटे बच्चों बच्चों ने शंख ध्वनि और ढोल पाशों से स्वागत किया, स्वस्ति वाचन के साथ तिलक किया और पुष्प वर्षा की ढ्ढ

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुझे इस बात का भी गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी का हम 44 वां दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक भी कार्यकर्ता हमारा चाहे पन्ने का प्रमुख है, वह भी छूटे नहीं, हर कार्यकर्ता अपने घर के ऊपर पार्टी का झंडा फहराए। नायब सैनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी और डबल इंजन की सरकार के कारण आज युवाओं, महिलाओं और किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि भाजपा पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जिन्होंने 10 साल में देश को एक नई दिशा दी। हमें गर्व है ऐसे प्रधानमंत्री पर जिसने दुनिया में भारत का सम्मान ऊंचा करने का काम किया है। चाहे सड़कों की बात हो, चाहे रेलवे की बात, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात हो, हेल्थ की बात हो, नए एम्स बनाने की बात हो, चाहे बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार देने की बात हो, भारतीय जनता पार्टी ने नए आयाम को छुआ है। 10 वर्षों में हुए



काम के कारण सभी कार्यकर्ता अपना मोदी सरकार द्वारा कराए गए कार्यों पर गर्व के साथ वोट मांगे। जनता पूरा आशीर्वाद भाजपा और नरेंद्र मोदी को देगी। जन-जन आंखें बिछाए हुए आपकी तरफ देख रहा है। आज फरीदाबाद में मैं जो उत्साह देख रहा हूं, फरीदाबाद की सरदारी बोल रही है कि अबकी बार कृष्ण पाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा वोटो से जिताना है। सभी कार्यकर्ताओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम घर पर नहीं बैठेंगे। एक-एक कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना चाहिए कि मत पेटी के अंदर एक-एक वोट डलवाएंगे। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हाउस आपका है। आप चाहे रात में 2:00 बजे भी आयें, मुख्यमंत्री आवास का दरवाजा खुला है। सबको डटकर के काम करना है और 10 की 10 सीट जिताकर नरेंद्र मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने में हरियाणा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यालय के साथ लगते गुरु के मंदिर गुरूद्वारे में भी टेका मत्था टेका। गुरूद्वारे की अध्यक्षा राणाकौर भट्टी और गुरुद्वारा कमेटी ने शरोपा पहनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया और मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में तलवार भेंट की ।

इससे पूर्व फरीदाबाद में उनके प्रथम आगमन पर सराय टोल पर विधायक राजेश नागर और ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने सराय टोल पर मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनन्दन किया। पार्षद जितेन्द्र यादव, ज़िला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, सराय मंडल अध्यक्ष विरेंद्र यादव और सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ढ्ढ क्यूआरजी चौक सेक्टर 16 फरीदाबाद में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और फ़रीदाबाद के गण मान्य लोगों ने नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा जी, ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश रेक्सवाल, पूर्व महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, पंकज सिंगला, राजू ठाकुर, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, पार्षद विनोद भाटी, सुभाष आहूजा, छत्रपाल सिंह शोभित अरोड़ा, गौरव तंवर आदि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और फरीदाबाद के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ढ्ढ

फरीदाबाद के सेक्टर 11 स्थित विधायक नरेन्द्र गुप्ता के कार्यालय पर मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमे केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, ईश्वर दयाल, भगवन दास गोयल, आर के चिलाना मंडल अध्यक्ष नीरज मित्तल सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी और भाजपा कार्यकर्ता और फरीदाबाद के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ढ्ढ

बल्लभगढ़ अनाज मंडी पंहुचने पर हरियाणा के कैबिनेट मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और बल्लभगढ़ के सम्मानितजनों ने मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन किया, जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता टिप्पर चंद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग गजेंद्र वैष्णव ,कैलाश शर्मा, जिला सचिव सुनीता बघेल, सीएम विंडो के अध्यक्ष पारस जैन, बृजलाल शर्मा, पार्षद बुद्धा सैनी ,हर प्रसाद गोड, राकेश गुर्जर ,जयवीर खटाना, जगत सिंह भूरा, प्रताप सिंह भाटी, लखन बेनीवाल, कुलदीप सिंह माथारू, प्रमोद गिल, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, रवि सोनी, , महिला मोर्चा अध्यक्ष, ज्योति कपूर, कुसुम शर्मा, युवा मोर्चा के महामंत्री कार्तिक वशिष्ठ आदि सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह के नेतृत्व में मोर्चे के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं और पिछड़ा वर्ग के सम्मनित लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सम्मान और स्वागत अभिनन्दन किया। सैनी समाज ने भी फरीदाबाद में कई जगहों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नागरिक अभिनन्दन किया। पृथला के देवांश वाटिका में विधायक नयनपाल रावत के नेतृत्व में पृथला के सम्मनित जनों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, अनिल नागर, भारती भाकुनी, लक्ष्मण तंवर, सुखबीर शर्मा मलेरना, जिला सचिव पंकज सिवाल, गोल्डी अरोड़ा, रवि कश्यप, लाल मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, ज़िला कार्यालय सचिव सचिन कुमार, मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजबाला सरधाना, राजू ठाकुर, भगवान सिंह, शोभित अरोड़ा, फहीम, गौरव तंवर, सीमा भरद्वाज, अरुणिमा सिंह, मीडिया सह प्रभारी आभास अग्रवाल एवं अजय डुडेजा, आई टी जिला संयोजक समीर टंडन, शिवम रतन, जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठों और विभागों के संयोजक और जिले व मंडल के भाजपा कार्यकर्ता और फरीदाबाद के सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के सदस्य, फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों के सम्मनित जन उपस्थित रहे ।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग ने रोजगार मेले का किया आयोजन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** जॉब फेयर एक ऐसा आयोजन है जिसमें नियोक्ता, भर्तीकर्ता और कॉलेज संभावित नियोक्ताओं को अवसर प्रदान करते हैं। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग ने एक रोजगार मेले का आयोजन 06 अप्रैल 2024 को देवेन्द्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। मेले में स्टील उत्पादों का कारोबार करने वाली बल्लभगढ़ स्थित प्रतिष्ठित कंपनी स्टार वायर को आमंत्रित किया गया था। यह जॉब फेयर सभी केमिस्ट्री ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए था। इस मेले में लगभग 40 अभ्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिनमें से 10 का चयन किया गया। रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. प्रियंका शेरावत की देखरेख में रसायन विज्ञान विभाग के लिए यह आयोजन बड़ी सफलता रहा, जिन्होंने कर्मचारियों और नियोक्ताओं के बीच की दूरी को कम करने में एक बड़ी पहल की। रसायन विज्ञान विभाग की संकायाध्यक्ष डॉ. ज्योति यादव, डॉ. प्रियंका कुंडू, डॉ. सपना त्यागी, चंदर अत्री, गीता राठी और मंशी त्यागी के साथ-साथ लैब अटेंडेंट प्रमोद कुमार और सुशील कुमार ने इसके लिए कुशलतापूर्वक काम किया। इसके अलावा, इसे अब आने वाले वर्षों में भी जारी रखा जाएगा।

# राजा नाहर सिंह की जीवनी युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत : सत्यवीर डागर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अमर शहीद राजा नाहर सिंह के जन्म दिवस पर आज बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में उनके स्मारक पर नाहर सिंह मैमोरियल सोसायटी द्वारा आज उनका जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर सत्यवीर डागर के संयोजन में स्थापित उनकी प्रतिमा पर संस्था के लोगों ने माल्यार्पण किया और इंद्रप्रस्थ स्थित गुरुकुल के आचार्य ऋषिपाल द्वारा हवन यज्ञ किया, जिसमें श्री डागर सहित गणमान्य लोगों ने अपनी आहूर्ति डाली और अपने राजा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस स्मारक का हाल ही में गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य ने उद्घाटन किया था। इस अवसर पर अपने शहीद राजा नाहर सिंह को याद करते हुए सत्यवीर डागर ने कहा कि राजा नाहर सिंह के बलिदान की जीवन गाथा जन-जन तक पहुंचनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को यह पता लग सके कि देश के इन



महान सपूतों ने किस प्रकार से अपनी कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलाई थी।

उन्होंने कहा कि छोटी सी उम्र में राज गद्दी संभालने वाले राजा नाहर सिंह ने जिस प्रकार दिल्ली पर अंग्रेजों के कब्जे को लंबे समय तक रोके रखा। अंग्रेजों ने धोखे से दिल्ली के चांदनी चौक पर उनको फांसी पर लटका दिया। राजा नाहर सिंह चाहते तो उस समय अंग्रेजों से समझौता कर अपना जीवन बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने झुकने के बजाए अपना बलिदान देना उचित समझा।आचार्य ऋषिपाल ने कहा कि राजा नाहर सिंह के बलिदान से हमें सीख लेनी चाहिए और अपने राजा की जीवनी को जगह-जगह बताना चाहिए, जिससे कि युवा पीढी में उसका प्रचार हो, वहीं युवा आगे इस बात तो जाने कि उनके राजा ने आजादी के लिए कैसे जुल्म झेले थे, जिस कारण हम आज आजादी की सांस ले रहे है।मास्टर मोहनलाल आर्य, नरवीर तेवतिया, अमीचंद चौहान ने कहा कि शहीद किसी जाति धर्म का नहीं बल्कि सर्व समाज का होता है और राजा नाहर सिंह एक ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने पराक्रम के बल पर मुगलों को चने चबाने को मजबूर कर दिया था। उन्होंने सरकार से मांग की है कि राजा नाहर सिंह की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करें।

इस मौके पर मास्टर मोहनलाल आर्य, अमीचंद चौहान, शिवराम डागर, नरवीर तेवतिया, मुकेश रावत, समुन्द्र भांखल, मकरंद शर्मा, युधिष्ठर बेनीवाल, बॉबी डागर, देवीराम, अमर सिंह मलिक, मास्टर लिखीराम रावत, रविन्द्र चौहान, प्रदीप डागर, लक्ष्य डागर, दलीप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पहली बार फरीदाबाद आए सीएम नायब सिंह का विधायक राजेश नागर ने किया जोरदार स्वागत

### भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है : नायब सिंह सैनी

### भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर फरीदाबाद पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर फरीदाबाद पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी का विधायक राजेश नागर ने सबसे पहले स्वागत किया। सीएम बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद आए सैनी के स्वागत के लिए अनेक स्थानों पर तैयारियां की गई थीं जिनमें सबसे पहले सराय ख्वाजा पर विधायक राजेश नागर ने अपने समर्थकों के साथ मोर्चा संभाला। उन्होंने एक विशाल माला पहनाकर सीएम का स्वागत किया और पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। सैनी ने भी किसी भी कार्यकर्ता को निराश नहीं किया और एक एक कार्यकर्ता को अपने साथ फोटो करवाने का अवसर दिया। सैनी बोले कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। आज इस पार्टी का कार्यकर्ता देश को नेतृत्व दे रहा है और दुनिया को राह दिखा रहा है। उन्होंने विधायक राजेश नागर को भी लाड़ में गले लगाया।

इस बवसर पर विधायक राजेश नागर ने मीडिया को बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी हमारे लिए सबसे ताजा उदाहरण हैं कि कैसे एक कार्यकर्ता को भाजपा नायक बनाती है। इससे पहले हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुके पीएम नरेंद्र मोदी को देख रहे हैं। जिनके आगे आज पूरी दुनिया सम्मान से झुक रही है वहीं देश उनको तीसरी बार नेतृत्व सौंपने जा रहा है। मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है जो कि उससे भी आगे जाता हुआ दिखाई देता है। नागर ने कहा कि भाजपा में संघर्ष से निकला नेतृत्व सामने आता है जो जनता और देश के लिए काम करता है। यही कारण है कि आज विपक्ष केवल विलाप कर रहा है और मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ कुछ भी बोलने के लिए उनके पास नहीं है। नागर ने कहा कि आज सीएम सैनी ने फरीदाबाद आकर सभी कार्यकर्ताओं को जोश से भर दिया है। जो कि हमारी लोकसभा में जीत को पहले से भी ज्यादा अंतर की ओर ले जाएगा।


इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, जिला उपाध्यक्ष भारती भाकुनी, पूर्व पार्षद जितेंद्र यादव, पार्षद अनिल पाराशर, सराय मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, शीशराम अवाना, सुरेंद्र बिधूडी, हेमंत शर्मा, देवेंद्र अलघ, लक्ष्य जिंदल, कांवरा सरपंच कृष्ण दीक्षित, राव वीरेंद्र, उत्कर्ष गर्ग, अल्लीपुर सरपंच सुशील नागर, रायपुर सरपंच धर्म सिंह, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सुनील सरधाना, प्रह्लाद शर्मा, जिला सचिव लाल मिश्रा, सरपंच केहर सिंह, सरपंच कैप्टन गिरधारी लाल, बालेश्वर नंबरदार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर सीएम का स्वागत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का आज फरीदाबाद आगमन के दौरान फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मोके पर मुख्यमंत्री के आगमन पर पुष्प वर्षा की गई तथा फूल के साथ फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मोके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से पूरा कार्यालय गुंजायमान रहा। इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा कायकर्त्ताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाई गई तथा सेल्फी व फोटो लेने वालों की होड़ मची रही। इस मौकेपर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, अजय गौड़ सहित नीरा तोमर, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, नीरज मित्तल, उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, ईश्वर दयाल, पंकज गर्ग, जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, प्रकाशवीर नागर,शिव वशिष्ठ, मनोज मंगला, राकेश गुप्ता, एनके गर्ग, अजीत नंबरदार, मनमोहन गुप्ता, राज भाटिया, वीरेंद्र मेहता सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।





# राजा नाहर सिंह की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की

### अमर शहीद राजा नाहर सिंह का 201वां जन्मदिवस मनाया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अमर शहीद राजा नाहर सिंह का 201वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस में राजा नाहर सिंह के परिवार राजा राजकुमार तेवतिया, सुनील तेवतिया, अनिल तेवतिया ने आज सुबह हवन यज्ञ का आयोजन कर जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उनकी प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर इलाके के आए हुए लोगों ने भी अपने राजा को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सभी ने राजा नाहर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजा राजकुमार तेवतिया ने कहा कि अमर शहीद राजा नाहर सिंह ऐसे राजा थे, जिन्होंने अपने प्राणों की कभी भी परवाह नहीं की और अपने इलाके की रक्षा के लिए हमेशा अंग्रेजों से लोहा लेते रहे, कभी भी उन्होंने अंग्रेजों को बल्लभगढ को पार नहीं करने दिया, वह एक पहरेदार के रूप में मजबूत राजा के तौर पर खड़े रहते थे। अंग्रेजों ने धोखे से उन्हें दिल्ली में बुलाकर संधि के बहाने फांसी पर लटका दिया। श्री तेवतिया ने कहा कि आज हम सभी परिवारों को अपने बच्चों को ये संस्कार देने चाहिए कि वह राजा नाहर सिंह जैसे अन्य राजाओं की जीवनी से परिचित हो और उनके इतिहास को लोगों को पहुंचाने का काम करें, जिससे कि आने वाले पीढ़ियों को हमारे राजाओं के बारे में जानकारी हासिल हो सके।

इस अवसर पर राजा राजकुमार तेवतिया, सुनील तेवतिया, अनिल तेवतिया व आए हुए मौजिज लोगों ने सरकार से इस मौके पर मांग की कि राजा नाहर सिंह की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

इस अवसर पर फतेह राठी, राजबीर दहिया, परमवीर तेवतिया, दयानंद राठी, गौतम छपरौला, प्रवीन सीही, रोहित सीही, भोले, जुगल सिंह, नरेंद्र बुद्धवार, महेंद्र सिंह, राजेश मलिक, मिंटू तेवतिया, आजाद सिंह, प्रमोद दीक्षित, विकास पेंगल, सुशांत शर्मा, जितेंद्र झा, जयदीप सिंह, जय सिंह, दिनेश लाम्बा, रामसिंह, मोहरपाल छपरौला, परमवीर सहित सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद थे।




## संपादकीय

# मोदी-विरोध प्राथमिकता है या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कमजोर?




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

कांग्रेस पार्टी में शीर्ष नेतृत्व कमजोर हो गया है। वंशवाद, परिवारवाद के कारण कांग्रेस पार्टी दिनोंदिन डूबती जा रही है। पहले कांग्रेस नेताओं के लिए लोककल्याण पहली प्राथमिकता होती थी, लेकिन आज मोदी-विरोध उसकी प्राथमिकता है। मोदी-विरोध के नाम पर वह कभी-कभी राष्ट्र-विरोध करने लगती है, उनकी इस प्राथमिकता में बदलाव आने से भी पार्टी कमजोर हुई हैं। कांग्रेस अपनी तुष्टीकरण की नीति की वजह से भी कमजोर हो रही है। अगर इसमें बदलाव नहीं करती है, तो उसकी हालत बद से बदतर हो जाएगी। इस बात का समझना होगा कि कोई भी दल बहुसंख्यकों को नाराज करके देश पर राज नहीं कर सकता। राहुल गांधी क्या बोलते है, क्या सोचते है, कोई स्पष्ट सन्देश ही नहीं मिल पाता। कांग्रेस में कोई निर्णय ऐसा लिया जाता है, जो निर्णय होता ही नहीं। लोग समझते ही नहीं कि क्या कहा गया है। इसी कारण कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई प्रोम्प्ट कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। किसी परिवार में तो यह चल सकता है लेकिन एक राष्ट्रीय दल को ऐसे नहीं चलाया जा सकता। लम्हों की खता सदियों को भुगतनी पड़ती है। शीर्ष नेतृत्व की गलत सोच, गलत निर्णय, गलत प्रेरणा न केवल पार्टी को बल्कि राष्ट्र के ताने-बाने को उधेड़ देते हैं, ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। समूचे देश में कांग्रेस के अपरिपक्व राजनीति एवं कुप्रबंधन के उदाहरण भरे पड़े हैं। ऐसी सूरत में सवाल उठता है कि 2019 में 52 सीट पर सिमट गई कांग्रेस क्या 2024 में हाफ सेंचुरी भी लगा पाएगी? ऐसा लगता है कि बीजेपी के 'कांग्रेस-मुक्त भारत' अभियान में कांग्रेस की नीतियां एवं नेतृत्व मोह सहयोगी बन रहे हैं।

# शांतिपूर्वक तथा भयमुक्त चुनाव के लिए सुरक्षा बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

## आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** लोकसभा चुनाव के दरम्यान आदर्श चुनाव आचार संहिता के साथ-साथ समाज में सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव करवाने के लिए पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने कनीना में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में मई माह में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिला पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने सरक्षा के कडे बंदोबस्त कर दिए हैं। कनीना सदर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनाथ के नेतृत्व में कनीना खंड के गांव भोजावास, पड़तल, नांगल,मोहनपुर, चेलावास,झिगावन और दौंगडा अहीर सहित अन्य गावों में फ्लैग मार्च कियाट इस दौरान दौंगड़ा चैकी इंचार्ज एएसआई प्रीतम सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को शांतिपूर्वक तथा भयमुक्त माहौल में मतदान करने का संदेश दिया। समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना बनाए रखने की अपील की। थाना इंचार्ज रामनाथ ने कहा कि लाइसैंस धारक व्यक्ति अपने हथियार जल्द से जल्द नजदीकी थाने में जमा करवाएं। उन्होंने फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने का संदेश दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन को निडर होकर मतदान करने का विश्वास दिलाया।

# शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना इंचार्ज ने बवाना के ग्रामीणों के साथ बैठक की



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनाथ ने लोकसभा चुनाव में मद्देनजर क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बवाना गांव में ग्रामीणों के साथ बैइक की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव को लेकर गांव में शांति भंग न हो और ग्रामीण भाईचारे के साथ रहें। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाना हम सब की जिम्मेदारी है और इसमें आमजन की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए ग्रामीणों से कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे। शरारती व असामाजिक तत्व व गड़बड़ी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आपराधिक प्रवृतति के लोगों तथा नशा तस्करों के प्रति जिला पुलिस की विशेष नजर है।

## कनीना आनाज मंडी में शनिवार को खरीदी गई 12264 क्विंटल सरसों

समाचार गेट/सुनील दीक्षित




**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास, में शनिवार को 602 किसानों से 12264 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। इन किसानों के गेट पास शुक्रवार को जारी किए जा चुके थे। खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 2856 किसानों की 59147 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। खरदी गई सरसों में से 15 हजार क्विंटल सरसों का उठान किया जा चुका है। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि किसानों की सहुलियत के लिए मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से मंडी में एंट्री प्वाईंट पर दो धर्मकांटे शुरू किए गए हैं जिन पर बिना किसी शुल्क के किसानों के भरे एवं खाली वाहनों का वजन किया जा रहा है। दोनों धर्मकांटें बराबर कार्य कर रहे हैं। नैफेड के लिए की जा रही सरसों की खरीद लगभग पूरी हो गई है। मंडी में अभी तक गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। खरीद एजेंसी हैफेड के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 5650 रूपये की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। जिसका भुगतान किसानों को 72 घंटे में किया जा रहा है।

## देवीलाल की पुण्यतिथि पर रामबास किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** रामबास गांव में शनिवार को ताऊ देवीलाल की पुण्य तिथि नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 277 मरीजों की जांच कर दवा व चश्मे वितरित किए गए। शिविर में डॉ सुमेर सिंह,डॉ सुनीता देवी व डॉ रमेश कुमार की टीम ने मरीजों के नेत्र की जांच की। इस मौके पर सरपंच सरोज देवी, वेद प्रकाश नंबरदार,रमेश कुमार,रामेश्वर सिंह, रामोतार,विक्रम सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पावर कॉरपोरेशन कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** शनिवार को यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र बरार की अध्यक्षता में अंबेडकर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मंच का संचालन राजकुमार माहला ने किया। सौहार्द पूर्ण मोहाल में हुई बैठक में कर्मचारियों की विाािन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। कर्मचारियों की कुछ मागें स्वीकृत कर ली गई जबकि कुछ का सप्ताहभर बाद समाधान करने का आश्वासन दिया गया। बैइक में चीफ ऑर्गेनाइजर राजेंद्र सिंह, नौताना, संदीप चैहान, सजन सिंह कनीना सहित प्रदेशभर के पावर कॉरपोरशन कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## यातायात बाधित करने के आरोप में कनीना में 3 वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना शहर थाना पुलिस ने गलत दिशा में वाहन चलाने तथा सडक पर वाहन पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मुहिम छेड दी है। इस संदर्भ में पुलिस ने तीन वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर वाहनों को जब्त किया है। थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशन में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि रेवाडी-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर सडक के बीचोंबीच खडे 18 टायरी भारी वाहन से जाम की सथिति उत्पन्न हो रही थी। जिसका चालक वाहन को सडक पर रोककर सामान खरीदने चला गया था। वाहन चालक की पहचान सत्यवान वासी गुंजार जिला हिसार के रूप में हुई है। जिसके विरूध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इसी प्रकार गणेशी लाल चैक पर एक लाल रंग का टैक्टर सडक पर खडा कर चालक मोबाईल पर बात कर रहा था। जिससे अन्य चालकों को परेशानी पेश आ रही थी। जिसके चालक की पहचान निहाल सिंह वार्ड 6 कनीना के रूप में हुई। इसी तरह सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोजावास बस स्टैंड पर एक पिकअप गाडी सडक पर खडी थी जिससे सडक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। जिसके चालक की पहचान मनोज वासी रावलधी, दादरी के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में भय उत्पन्न हो गया। नतीजतन शनिवार को कनीना की सडकें खुली-खुली दिखाई दी।

## कोर्ट के आदेश पर दोंगडा अहीर के दो व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** अदालत के आदेश पर कनीना सदर थाना पुलिस ने दोंगडा अहीर के दो व्यक्तियों के विरूध मारपीट सहित धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। इस बारे में हवासिंह की ओर से एसडीजेएम कोर्ट कनीना में दाखिल किए गए इस्तगासे में कहा कि रणधीर सिंह व बाबूसिंह ने दो वर्ष पूर्व उन पर हमला कर दिया था। जिससे उसके सिर में गंभीर चैटें आई थी। ग्रामीणों ने उसका बीचबचाव किया। घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मारपीट के दोनों आरोपियों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## जजपा ने स्व. ताऊ देवीलाल की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व.ताऊ देवी लाल की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई। ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवेंद्र सोरौत ने की। इस अवसर पर देवेंद्र सौरोत ने कहा कि ताऊ देवीलाल सच्चे किसान हितैषी थे। उन्होंने किसान व कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए काफी कार्य किए। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू कर प्रदेश के बुजुर्गों को सम्मान देने का कार्य किया। उप प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने किसान की दशा को बदलने का कार्य किया। आज के युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उनके बताए रास्ते पर चल कर प्रदेशवासियों का भला कर रहे हैं। इस अवसर पर खेमचंद कुंडू, सुखराम डगर, देशराज चौहान, विशाल तेवतिया, मुकेश चौहान, रोहताश नंबरदार, हरी बंधु, सतवीर तंवर, सुमन मलिक, सुनीता भारद्वाज मौजूद रहे।

## कर्मचारियों को साइबर अपराध एवं यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** यातायात थाना पुलिस द्वारा शनिवार को महिंद्रा मोटर्स पलवल के कर्मचारियों को साइबर अपराध एवं यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा।

साइबर क्राइम थाना पलवल, साइबर सैल और साइबर हेल्प डेस्क लगातार साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने की दिशा में काम रही है। इसके लिए सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। उन्होंने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने कहा कि माता-पिता 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चो को सार्वजनिक स्थान पर बाइक चलाने के लिए न दें। दो पहिया वाहन पर हेल्मेट और चार पहिया वाहन पर सीट बैल्ट का प्रयोग करें। दुपहिया, ऑटो, कार गाड़ी, भारी वाहन अपनी निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं।

## बदहाल सड़क के निर्माण शुरू होने से आमजन में खुशी की लहर

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** सिवानी से लोहारु जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य पिछले दिनों से निरंतर चल रहा है और जल्दी निर्माण कार्य पूरा होने वाला हैं। निर्माण कार्य शुरू होने से आमजन में खुशी की लहर हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने बताया की पिछले काफी वर्षों से सड़क के हालात काफी जर्जर थे। जिसकी वजह से आये दिन हादसे होते रहतें थे और लोगों को आने जाने व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से लोगों को यातायात में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा और समय की भी बचत होगी। गौरतलब है की सिवानी से लोहारू जाने वाली सड़क गांव सलेमपुर तक काफी जर्जर हो चूकी थी और आमजन ने स्थानीय विधायक और प्रदेश के वर्तमान वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल के जरिए काफी बार सड़क के निर्माण की मांग उठाई थी। हाल ही में सरकार द्वारा सड़क निर्माण की मंजूरी को स्वकृति दी गई थी। जिसके बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू चूका है और जल्दी ही सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा।

# एसडी स्कूल ककराला में आयोजित सम्मान समारोह में इसरो में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## तहसीलदार व सिटी थाना अध्यक्ष थे समारोह के मुख्यातिथि




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल थे वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में कनीना सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार थे। जिन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में चयनित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को भी स्मति चिन्ह, प्रशसति पत्र व नगद राशि का पुरस्कार प्रदान कर समानित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया। उसके बाद ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने समुह नृत्य व समूहगान प्रस्तुत किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि विद्यालय के 5 विद्यार्थियों माही राव,अदिति आर्य, गरीमा यादव, देवांशी यादव, जसवीर का इसरो में व हर्षिता का इन्सपार्यर अवार्ड में चयन हुआ। सभी चयनित आगामी 12 मई को भारतीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगें। छात्रा हिमांशी,यतिन अग्रवाल का सीए फाऊंडेशन व प्रिया का सीएसईईटी में चयन हुआ है। जो विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी प्रतिभा को तराशकर सही दिशा प्रदान की जाए तो वे निश्चित रूप में सफलता प्राप्त करते हैं। विशिष्ठ अतिथि इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने विद्यार्थियों को सतत मेहनत के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को साईबर क्राईम के प्रति जागरुक किया। इंटरनेट पर आजकल असली व नकली संदेश की पहचान कर पाना मुश्किल है। इसलिए विद्यार्थी एवं अभिभावक अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। उनके साथ साईबर फ्रॉड हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य औमप्रकाश यादव, सीईओ रामधारी, राजेन्द्र सिंह, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, कनिष्ठ विभाग मुखिया नरेन्द्र यादव, वरिष्ठ विभाग के मुखिया सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, जसबीर जांगिड़ सहित अभिभावक व विद्यार्थी हाजिर थे।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में



फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# सीएम ने खुलेआम लापरवाह अधिकारियों और बदमाशों को दी चेतावनी

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हित में कार्य किया। अबकी बार भाजपा लोकसभा चुनावों में 400 पार सीटें लेगी। उन्होंने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता शांति और भाईचारे के साथ रहना चाहती है। फोन पर धमकी देकर डराने वाले बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक देश पर राज किया है। सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी जनता से वोट मांगने की अपील कर रही है, लेकिन जनता कांग्रेस पर विश्वास नहीं कर रही है, बल्कि नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जता रही है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन देकर चूल्हे के धुएं से निजात दिलाने का कार्य किया। कांग्रेस के राज में गांवों में महिलाओं को पीने के स्वच्छ पानी के लिए कोसो दूर जाना पड़ता था।



जबकि भाजपा सरकार ने हर घर नल से जल पहुंचा कर लोगों को न्याय दिया। हर घर शौचालय बनाकर महिलाओं को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में अन्याय होता था। देश की सेवा करने के दौरान यदि कोई जवान शहीद हो जाता था तो उसका पार्थिव शरीर तक घर नहीं पहुंचाया जाता था। लेकिन भाजपा सरकार ने सैनिकों को पूरा सम्मान दिया और शहीदों के आश्रितों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मोदी सरकार बनने के बाद धारा 370 हटाई गई और पत्थरबाजी की घटनाओं को समाप्त किया गया। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय में नौकरी के लिए मुख्यमंत्री,विधायकों के चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन भाजपा सरकार में बिना पर्ची व खर्ची के नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। सरकार ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं बनाई गई। हरियाणा के किसानों को फसल में हुए नुकसान के लिए मुआवजा दिया गया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से खाते में राशि भेजने का कार्य किया गया। आयुष्मान योजना के तहत गरीब लोगों को 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया गया है। भाजपा सरकार में विकास को गति दी गई है। एलिवेटेड पुल का निर्माण किया गया है। भाजपा सरकार की नीति व नीयत साफ है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को एक दिशा प्रदान की है। देश की समस्याओं का समाधान किया है। इसलिए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी वोटों के साथ जिता कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें इस दौरान सीएम ने खुलेआम लापरवाह अधिकारियों और बदमाशों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं के काम करें नहीं तो आचार संहिता खत्म होते ही उनका इलाज किया जायेगा। साथ ही हरियाणा व पलवल में बढ़ रहे बदमाशों को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वो बदमाशी छोड़ दें लोगों को डरा धमकाकर पैसे मांगने बंद करें नहीं तक यूपी की तरह उनका इलाज होगा। इस मौके पर फरीदाबाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, होड़ल से भाजपा विधायक जगदीश नायर, पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक जगदीश नायर, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, होडल नगर परिषद की चेयरपर्सन इंद्रेश सहित तमाम बीजेपी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदान पाठशाला का आयोजन कर बच्चों को किया जागरुक

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**



**पलवल।** पलवल डोनर्स क्लब जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी अभियान के अन्तर्गत क्लब ने पातली गेट स्थित दयानन्द सीनियर सेकंडरी स्कूल मे मतदाता जागरूक अभियान चलाया। जिसमें व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने बच्चों को जागरुक करते हुए बताया कि मतदान करना क्यों आवश्यक है और सभी बच्चे अपने परिवार के सभी व्यस्क सदस्यों को मतदान के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित करे। जिनके वोट बन चुके हैं वह अवश्य ही मतदान करें और जिनके उम्र पूरी हो गई है उनके वोटर कार्ड नहीं बने हैं तो वह लोग ऑनलाइन आवेदन कर अपने वोटर कार्ड बीएलओ से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान वाले दिन सभी बच्चे अपनी गली मोहल्ला में जाकर लोगों से मतदान करने की अपील करें और हर बच्चा कम से कम पांच लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। मतदान वाले दिन सभी बच्चे अपनी गली मोहल्ले में काम से कम तीन बार लोगों के बीच जाएं और मतदान करने के लिए अपील करें लोगों से कहें पहले मतदान करें उसके बाद कोई अन्य कार्य करें। पाठशाला के दौरान मतदान संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेता बच्चो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में स्कूल के प्रधानाचार्य डा. बिजेन्द्र कुमार गौड़ ने संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी को मतदान करना चाहिए ताकि समर्थ और खुशहाल देश का निमार्ण हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों बच्चों सहित उप प्रधानाचार्य सुभाषचंद, महेश चन्द शर्मा, महेन्द्र शास्त्री, बिमलेश, ममता, कमलेश, बिमला, श्वेता, सीमा आदि उपस्थित रहे।

# 8 अप्रैल को होगा सिहौल में प्राचीन फूलडोर मेले का आयोजन

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पलवल जिले के गांव सिहौल में 8 अप्रैल को प्राचीन काल से चले आ रहे फुलडोर मेले का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी शिक्षाविद और सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट वीरेंद्र गहलौत ने दी। उन्होंने बताया की यह फुलडोर मेला सैकड़ों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। जो चैत्र मास की अमावस्या को प्रत्येक वर्ष लगता है। इस दिन इस मेले में न केवल सिहौल बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोग



शामिल होकर मेले का आनंद लेते हैं। मेले में पहले चौफई का आयोजन होता था लेकिन समय के बदलाव के साथ अब मेले में भी बदलाव हो गया अबकी बार मेले में देश प्रदेश में ख्याति प्राप्त रागनी कलाकर नरदेव बेनीवाल और उनकी पार्टी द्वारा महापुरुषों के जीवन पर आधारित चौफई जैसे महाराज सूरजमल, राजा नाहर सिंह की चौफई और देशभक्ति से ओत प्रोत रागनी प्रस्तुत की जाएंगी। बिरेंद्र गहलोत ने बताया की सैकड़ों वर्षों पूर्व यहां बहुत पूजनीय दादा बगीचा वाले महाराज हुए जिनका भव्य मंदिर भी गांव सिहौल में बगीची वाले के नाम पर प्रसिद्ध है जिनकी कृपा पूरी गांव बस्ती पर आज भी रहती है और यह मेला उन्ही के समय से चला आ रहा है।

# भागवत कथाएं बच्चों को इंसानियत का पाठ पढ़ाती हैं, इनका होते रहना आज के युग में ज़रूरी : मनधीर सिंह मान



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हरियाणा की फ़रीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के संभावित लोकसभा प्रत्याशी मनधीर सिंह मान ने आज पलवल में आयोजित भागवत कथा के समापन समारोह में प्रतिभाग किया,,इस दौरान भागवत कथा के आयोजक की जमकर प्रशंसा करते हुए इस कार्य में लगे होने पर काँग्रेस नेता ने हर्ष व्यक्त किया,,भागवत कथा के समापन समारोह में पहुंचने के बाद मनधीर सिंह मान ने श्री वासुदेव कृष्ण जी महाराज का आशीर्वाद भी ग्रहण किया। भागवत कथा सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर फ़रीदाबाद लोकसभा सीट से काँग्रेस पार्टी के संभावित प्रत्याशी मनधीर सिंह मान ने कहा भागवत कथा के आयोजक वेष व्यास ने बहुत ही पुण्य का काम किया है. ये लगातार इस प्रकार के धार्मिक कार्यों को रुचि लेकर करते रहते हैं. साथ ही इस भागवत कथा को सकुशल सम्पन्न कराने मरण लगे हुए सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि ये बहुत ही बड़े उपक्रम का कार्य किया जा रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी को धार्मिक होने के साथ ही इंसानियत का भी पाठ भागवत कथा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं. इस प्रकार के आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए. नई व युवा पीढ़ी को इन धार्मिक आयोजनों से जोड़ना बहुत ही हर्ष का कार्य है. देश व आने वाली पीढ़ी को धार्मिक कार्यों से जोड़ना बहुत ही खुशी का कार्य है. आयोजकों के साथ ही भागवत कथा में शामिल होने वाले सभी श्रोताओं को काँग्रेस नेता मनधीर ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# भारतीय मजदूर संघ पलवल का जिला अधिवेशन संपन्न

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**



**पलवल।** भारतीय मजदूर संघ पलवल का जिला अधिवेशन केशव भवन की प्रांगण में आयोजित किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में विमल जी वे भारतीय मज़दूर संघ हरियाणा की प्रदेश मंत्री मधु रही। जिला अधिवेशन की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गुरुग्राम विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार ने की। सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ का ध्वजारोहन और भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर भारत माता की जय बोलकर कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की गई अधिवेशन मैं गुरुग्राम विभाग प्रमुख एवं अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे प्रवेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में विस्तार से बताया व भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति और अनुशासन से कार्य करने का तरीका बताया।

पूर्व के रहे ज़िलामंत्री अशोक बघेल ने पलवल में भारतीय मज़दूर संघ द्वारा किए गये सभी प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। अधिवेशन में करीब 20 यूनियनो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने पिछली कार्यकारनी को भंग करने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में वीरेंद्र शर्मा को प्रतिवेदन किया व सभी साथियों ने भारत माता की जय के नारे के उदघोष साथ समर्थन किया। चुनाव अधिकारी ने उपस्थित सभी यूनियनो के पदाधिकारीयों से जिला भारतीय मजदूर संघ की टीम के लिए नामो की चर्चा की। उसके पश्चात सात सदस्य पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ से रामवती दलाल को ज़िले की अध्यक्ष और डा. ज़ाकिर हुसैन को ज़िलाउपाध्यक्ष एवं सुमन रावत को उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री गुलाब सिंह राणा, कोषाध्यक्ष राजन सचदेवा एवं ज़िला सहमंत्री धरमवीर भंगुरी कर्मचारी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मज़दूर संघ के अन्य यूनियनों के कार्यकर्ता सुनील कुमार सूरजपुरा राजस्थान, अजय डागर ,सियाराम, सद्दाम हुसैन, अशोक ठाकुर, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, रोहतास आल्हापुर, गुलशन पातली , विनोद, गीता , किरण, सुनीता, और अन्य कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# तबादले के बाद रिलीव किए जाने की मांग को लेकर नियमित जेबीटी अध्यापकों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** तबादले के बाद रिलीव किए जाने की मांग को लेकर नियमित जेबीटी अध्यापकों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। अध्यापक घंटों तक जिला उपायुक्त से मिलने की मांग को लेकर सचिवालय पर बैठे रहे। सचिवालय में उपायुक्त न मिलने पर अध्यापक उपायुक्त निवास पर पहुंच गए और धरना दिया। शनिवार रात के करीब नौ बजे तक अध्यापक उपायुक्त निवास पर बैठे रहे। उपायुक्त के आश्वासन के बाद अध्यापक वापस लौट गए। जेबीटी अध्यापक अजय सिंह ने बताया कि साल 2017 में हुई भर्ती के दौरान उनकी नियुक्ति जिला पलवल के अंदर हुई थी। अब सरकार द्वारा 734 शिक्षकों का उनके गृह जिला में तबादला कर दिया गया, जबकि 602 शिक्षकों का दूसरे जिलों से पलवल में तबादले हुए हैं। जिला उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा पलवल जिले से शिक्षकों को रिलीव नहीं किया जा रहा है, जबकि दूसरे जिलों से 80 के करीब शिक्षक पलवल में नियुक्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार जिला उपायुक्त नेहा सिंह और शिक्षा अधिकारियों से अपनी समस्याओं को लेकर गुहार लगाई। पिछले छह सालों से दूसरे बाहरी जिलों से वे सेवाएं दे रहे हैं। अपने घर को छोड़कर रहने में उन्हें काफी परेशानी होती है। अब उनका तबादला गृह जिलों में हुआ, परंतु अधिकारियों के मनमानी के चलते उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। जिला उपायुक्त लोकसभा चुनाव के चलते रिलीव न करने की बात कह रही हैं, जबकि अन्य सभी 21 जिलों से शिक्षकों को नियमित तौर पर रिलीव किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार व निर्वाचन आयोग भी रिलीव करने की अनुमति दे चुके हैं। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वह उच्चाधिकारियों से बातचीत कर जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। धरना देने वालों में भगवान मलिक, सुमन सचदेवा, पिंकी, निशा, तेजवीर, चिंताराम, प्रदीप, प्रवीण, सुरजीत सहित सैंकड़ों जेबीटी शिक्षक शामिल रहे।

## बघोला स्थित आंचल छाया वात्सल्य केंद्र में दंत जांच शिविर का आयोजन किया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को गांव बघोला स्थित आंचल छाया वात्सल्य केंद्र में दंत जांच शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में बच्चों, बुजुर्ग महिला व पुरुषों को मुंह, मसूड़ों व दांतों की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष के दंत रोगों के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर टूथपेस्ट व ब्रश भी वितरित किए गए। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सुमन सिंगला ने दांतों में कैविटी, कीड़ा लगना, दांतों में दर्द होना, दांतों में ठंडा गरम लगना, मुंह से दुर्गंध आना, मसूड़ों से खून आना, पायरिया व मुंह में कैंसर होने के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खाना खाने के बाद दिन में दो बार सुबह व रात को सोने से पहले ब्रश करने की सलाह दी। उन्होंने ब्रश करने की विधि के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि 28 से 36 प्रतिशत बच्चों के दूध के दांतों में कीड़े लग जाते हैं। यदि ऐसे बच्चों के दांतों का समय पर इलाज न किया जाए तो दांत खराब हो सकते हैं। उन्होंने गुटका व अन्य मादक पदार्थ न खाने, धूम्रपान व तंबाकू सेवन न करने की सलाह दी।

## चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोडफ़ोड़, पकड़ा गया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** एटीएम चोर की एटीएम से पैसे चोरी करने से पहले ही लोगों ने धूनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। होडल थाना पुलिस ने जिस दुकान में एटीएम लगा हुआ है उस दुकान के मालिक की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ केस दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी मौहम्मद इलियास के अनुसार, गढ़ी मोड़ होडल निवासी गुरुदत्त शर्मा ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी दुकान में एक्सीश बैंक का एटीएम लगा हुआ है। जिसकी सुरक्षा के लिए वह स्वंय ही गार्ड भी तैनात है। पांच अप्रैल को देर शाम वह एटीएम बूथ के पास मौजूद था, उसी दौरान एक युवक नशे में एटीएम बूथ के अंदर प्रवेश कर गया। जिसके हाथ में पैचकश व लोहे की पत्ती थई।

आरोपी ने अंदर जाते ही एटीएम मशीन के साथ पैचकश से छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़ित व वहां से गुजर रहे लोगों ने उस लडक़े को पेचकश व लोहे की पत्ती सहित पकड़ लिया और भीड़ अधिक होने के कारण उसकी पिटाई भी कर दी। जिसने पूछने पर अपना नाम पता पचानका गांव (हथीन) निवासी वहीद उर्फ कल्लू बताया।

आरोपी के साथ एक अन्य लडक़ा था, जो मौका देखते ही वहां से फरार हो गया। आरोपी कह रहा था उसे छोड़ दो नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। शिकायत में कहा है कि आरोपी युवक एटीएम मशीन से तोडफ़ोड़ कर पैसे चोरी करने के लिए आए थे। लेकिन चोरी करने से पहले ही पकड़ा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।






# प्रदेश प्रभारी धनखड़ ने दिल्ली में किया चुनाव प्रचार का आगाज

**पश्चिमी दिल्ली में कमलजीत सहरावत के समर्थन में किया जनसभा को संबोधित**

**दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारियों को सहन नहीं करेगी बोले धनखड़**

**दिल्ली की सभी सातों सीटों पर खिलेगा कमल**




समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़ , 6 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने शनिवार को पार्टी के स्थापना दिवस की कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए दिल्ली में चुनाव प्रचार का आगाज किया। पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत के समर्थन में श्याम विहार में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

प्रदेश प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि उपर्सथित जनसमूह का उत्साह और जोश बता रहा है कि दिल्ली में फिर से सातों कमल खिलने वाले हैं। दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारियों को सहन करने के मूड में नहीं है। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी देश को आगे बढ़ा रहे है, दिल्ली और देश का मान सम्मान बढ़ाने में लगे हुए है दूसरी ओर आम आदमी पार्टी देश की राजधानी दिल्ली में कुछ शराब कारोबारियों के साथ मिलकर घोटाले करनेमें लगी रही। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को खत्म करने की मुहिम चलाकर राजनीति शुरू की थी और आज कांग्रेस के साथ ही मंच सांझा कर रही है, गठबंधन कर रही है। दिल्ली की जनता सब समझ चुकी है । आम आदमी पार्टी की आधी सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है। इनके मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री कह रहे हैं हम कुर्सी नहीं छोड़ेंगे, जेल से ही सरकार चलाएंगे। धनखड़ ने कहा की आम आदमी पार्टी लोकतान्त्रिक मूल्यों को भी भूल गई है। दिल्ली की समझदार जनता ने लोकसभा चुनाव में फिर से सभी सातों सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है। और आगे आने वाले विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का मन अभी से बना लिया है।

आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयश्री दिलाने का आह्वान करते हुए धनखड़ ने कहा कि देशभर में राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में है। इसलिए सभी मान रहे हैं, कह रहे हैं, इस बार भाजपा 400 पार और फिर से मोदी सरकार।

धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ है। दूसरी तरफ मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व है, जिसके नेतृत्व की क्षमता का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक अर्थ व्यवस्था बनाने का चुनाव है। भारत को आत्मनिर्भरता की ओर लेकर जाने का चुनाव है। धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में पश्चिमी दिल्ली की जनता की मजबूत पैरोकार होंगी। कमलजीत को पार्टी और जनता ने जो भी जिम्मेदारी दी है , उसको कमलजीत ने पूरी ईमानदारी से निभाया है। इस अवसर पर काफी लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। कमलजीत सहरावत ने दिल्ली प्रदेश प्रभारी धनखड़ का स्वागत करते हुए कहा की पश्चिम दिल्ली का मतदाता बहुत समझदार है और मोदी जी के साथ है।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने (NCERT) की नकली किताबों की बिक्री का पर्दाफाश किया

**मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम का गैर कानूनी कार्यों पर शिकंजा कसने का अभियान जोरों पर**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरूग्राम, 6 अप्रैल।** दिनांक 6.4.2024 (शनिवार) को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने सदर बाजार में राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) की नकली किताबों की बिक्री का पर्दाफाश किया।

सदर बाजार गुरुग्राम में एनसीईआरटी की नकली किताबों की सूचना पर छापेमारी की गई। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता का दावा है कि नकली एनसीईआरटी की किताबें बेचने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसा जाएगा। NCERT की नकली किताब की बिक्री करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के पुलिस उप अधीक्षक इंद्रजीत सिंह को कई दिनों से NCERT के नकली किताबों की बिक्री होने की सूचना मिल रही थी। सूचना मिलने के बाद उड़नदस्ता की टीम ने अपने स्तर पर कई दिन तक सदर बाजार में पुस्तक विक्रेताओं के पास खुफिया रूप से जाकर पूरी जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल में नकली किताबों की बिक्री की पुष्टि होने के बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व NCERT के विशेषज्ञो की टीमों का गठन किया गया।

NCERT के विशेषज्ञो और मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने शनिवार दोपहर सदर बाजार गुरूग्राम में कई पुस्तक विक्रेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी अभियान में भारी मात्रा में नकली किताबें बरामद हुई है। नकली किताब बेचने वाले दुकानदारों में छापेमारी अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि नकली किताबों की बिक्री कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नकली किताबें छात्रों के सेहत और आंखों के लिए बेहद हानिकारक है। नकली किताब छापने वाले घटिया कागज और स्याही का प्रयोग करते हैं।

NCERT के अधिकारियो की शिकायत पर जांच पड़ताल पूरी होने के उपरान्त नकली पुस्तक बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ उचित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। गैर कानूनी कार्य करने वालों के विरुद्ध मुख्यमंत्री उड़नदस्ता का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# किसान, मजदूर और कमेरों के मसीहा थे चौ देवीलाल: अभय सिंह चौटाला



**जननायक स्वर्गीय चौ. देवीलाल की नीतियों का अनुसरण करना ही हमारा सर्वप्रथम उदेश्य: अभय सिंह चौटाला**

**नई दिल्ली स्थित स्वर्गीय ताऊ देवीलाल की समाधि संघर्ष स्थल पर पहुंच श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी**

**चौ देवीलाल ने देश में बुजुर्गों के लिए 100 रूपए मासिक पेशंन, कर्ज में डूबे किसानों के कर्जे माफ, किसानों के ट्रैक्टर को कमर्शियल वाहन से हटा कर गड्डा घोषित करना, हरिजन चौपालों का निर्माण तथा अनुसुचित जाति के लिए जच्त्रा बच्चा भत्ता जैसी लोक भलाई योजनाओं को लागू किया**


समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** स्वर्गीय जननायक चौ. देवीलाल की 23 वीं पुण्यतिथि शनिवार को हरियाणा समेत पूरे देश में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और पूर्व उपप्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित स्वर्गीय चौ. देवीलाल की समाधि संघर्ष स्थल पर आयोजित किया गया जिसमें प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह राणा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, पूर्व विधायक बलवंत मायना, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, समेत पूरे प्रदेश से आए इनेलो नेता, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इससे पहले अभय सिंह चौटाला ने संसद भवन स्थित चौ. देवीलाल की मूर्ति पर भी जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

संघर्ष स्थल पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय चौ. देवीलाल ने सदैव किसान, मजदूर और कमेरों के हकों के लिए आवाज बुलंद की और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने छतीस बिरादरी के लोगों के उत्थान वाली नीतियों को अमलीजामा पहनाते हुए प्रदेश के सभी शोषित वर्गों को उनकी अपेक्षा के अनुरूप लाभ पहुंचाया। चौ. देवीलाल ने देश में बुजुर्गों के लिए 100 रूपए मासिक पेशंन की, कर्ज में डूबे किसानों के कर्जे माफ किए, किसानों के ट्रैक्टर को कमर्शियल वाहन से हटा कर गड्डा घोषित किया, हरिजन चौपालों का निर्माण तथा अनुसुचित जाति के लिए जच्त्रा-बच्चा भत्ता जैसी लोक भलाई योजनाओं को लागू किया जो आज भी चालू हैं। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जननायक स्वर्गीय देवीलाल की नीतियों का अनुसरण करना ही इनेलो पार्टी का सर्वप्रथम उदेश्य है। सभी वर्गों और सर्व समाज के लोगों का उत्थान सिर्फ जननायक ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चल कर ही किया जा सकता है और देवीलाल जी के आदर्शों को उनकी बताई नीतियों पर चलकर ही हरियाणा प्रदेश में लोकराज की पुनर्स्थापना की जा सकती है।

# जेल और पुलिस हिरासत में बंद व्यक्ति को मतदान का कानूनी अधिकार नहीं

**हालांकि ऐसा बंदी रहता है मतदाता, चुनाव लड़ने पर पूर्णतया प्रतिबंध नहीं : एडवोकेट**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** वर्ष 2023 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जज बेंच जिसमें भारत के मुख्य न्यायधीश (सीजेआई) डी.वाई.चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस.नरसिम्हा और जस्टिस जे.बी. पारदीवाला शामिल थे, ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई एवं विचार करने से इन्कार कर दिया जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आर.पी. एक्ट), 1951 की मोजूदा धारा 62(5) को चुनौती दी गयी थी जिसके अनुसार जेल/कारवास में बंद कैदियों (बंदियों) और पुलिस की वैध कस्टडी (हिरासत) में भेजे गए व्यक्ति चुनाव में मतदान ही नहीं कर सकता है.

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि इसस सर्वप्रथम जनवरी, 1983 में सुप्रीम कोर्ट के दो जज बेंच ने और उसके बाद जुलाई, 1997 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जज बेंच ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की उपरोक्त धारा 62(5) को कानूनन वैध घोषित किया था.

बहरहाल, मौजूदा चुनाव सम्बन्धी कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए हेमंत ने बताया कि हमारे देश में चुनावों में मतदान करने का अधिकार संवैधानिक अर्थात मौलिक अधिकार (फंडामेंटल राईट) नहीं है बल्कि कानूनी अधिकार (लीगल राइट) है जिस पर संसद द्वारा चुनावी कानून द्वारा उचित नियंत्रण लगाया जा सकता है.

वर्तमान में लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार न केवल वह व्यक्ति जिसे कोर्ट द्वारा किसी केस में ट्रायल ( कानूनन विचारण प्रक्रिया) के बाद दोषी (अपराधी ) घोषित कर कारावास (जेल ) का दंड दिया गया हो बल्कि आरोपी व्यक्ति (अभियुक्त) भी जिसे कोर्ट द्वारा पुलिस कस्टडी (रिमांड) या न्यायिक हिरासत (जेल) में भेजा गया हो, उसे भी चुनावों में वोट डालने का अधिकार नहीं है. हालांकि जिन व्यक्ति को किसी उपयुक्त कानून के अंतर्गत प्रिवेंटिव डिटेंशन (निवारक निरोध / नज़रबंद) किया गया हो, उस पर वोट न डाल सकने का ऐसा कानूनी प्रतिबन्ध लागू नहीं होता है.

हेमंत ने आगे बताया कि हालांकि हर अभियुक्त व्यक्ति उन चुनावों में उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ सकता है चाहे उस पर कितने ही गंभीर केस में एफ.आई.आर./प्राथमिकी दर्ज हुई हो या उसके विरूद्ध कोर्ट में चार्ज-शीट सौंप दी गयी हो या बेशक कोर्ट में उसके विरूद्ध ट्रायल चल रहा हो.

मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत अगर कोई व्यक्ति विचाराधीन (अभियुक्त) है और इस कारण न्यायिक हिरासत या पुलिस कस्टडी में हैं, तो उसे वोट डालने का अधिकार तो नहीं होता परन्तु वह उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ सकता है. हेमंत ने बताया की जुलाई, 2013 में हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2004 में पटना हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को सही ठहराते हुए यह फैसला दिया कि जब कोई व्यक्ति विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल या पुलिस हिरासत में होने के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित है, तो इस कारण वह चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य होगा परन्तु तब केंद्र में सत्तासीन मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार ने संसद द्वारा एक संशोधन कानून पास करवा उक्त सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश को पलट दिया था.

हालांकि हेमंत ने बताया कि जहाँ तक कोर्ट द्वारा दोषी घोषित किये गए व्यक्ति के चुनाव लड़ने का विषय है, तो उसके चुनाव लड़ने की योग्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 पर निर्भर करती है अर्थात उसको कोर्ट द्वारा किस कानून के तहत और कितने वर्ष का दंड (जुर्माना और कारवास) दिया गया है.

मसलन अगर उस व्यक्ति को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी) एक्ट, 1988 में दोषी घोषित कर बेशक केवल जुर्माने का दंड दिया गया है, फिर भी वह छः वर्षों तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकता है. हालांकि उपरोक्त धारा 8 में शामिल किये गए अपराधिक कानूनों के अतिरिक्त अगर किसी अन्य कानून में उस व्यक्ति को कोर्ट द्वारा दोषी घोषित कर दो वर्ष से कम अवधि की जेल की सजा होती है, तो उसके चुनाव लड़ने पर कोई कानूनी प्रतिबन्ध नहीं है.

जहाँ तक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला और उनके बड़े पुत्र अजय सिंह चौटाला का विषय है, जिन्हे जे.बी.टी. टीचर भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 एवं आई.पी.सी. की कुछ धाराओं के तहत दोषी घोषित करने के बाद जनवरी, 2013 से दस वर्ष की जेल की सजा दी गयी थी, जिसके बाद ओपी चौटाला जुलाई, 2021 में और अजय चौटाला फरवरी,2022 में समयपूर्व अपनी सजा काटकर रिहा हो गए, वह दोनों क्रमशः जुलाई, 2027 एवं फरवरी, 2028 तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकते हैं हालांकि हेमंत ने बताया कि अगर भारतीय चुनाव आयोग चाहे तो उक्त दोनों की चुनाव लड़ने की उपरोक्त अयोग्यता अवधि को कम या तत्काल प्रभाव से समाप्त भी कर सकता है.

# कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है देश के साथ इससे बड़ा धोखा नहीं हो सकता : अनिल विज



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा कल जारी किए चुनावी घोषणा पत्र पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है देश के साथ इससे बड़ा धोखा नहीं हो सकता, क्योंकि कांग्रेस अकेले चुनाव नहीं लड़ रही है गठबंधन के साथ लड़ रही है और गठबंधन के किसी भी सहयोगी ने इस घोषणा पत्र पर अपने हस्ताक्षर नहीं किये। श्री विज कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए फिर कहा कि अकेले कांग्रेस, जिसकी पिछली बारी लोकसभा की 40 सीट आई थी और इस बार वो भी नहीं आती, और कांग्रेस लोगो को गुमराह कर रही है। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

**अरविंद केजरीवाल को जेल में भेजने का काम एजेंसियां कर रही है, भाजपा का इससे कोई लेना देना नहीं है - विज**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जेल से आने के बाद मीडिया से कहा है कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने की साज़िश रची है, के सवाल पर भड़कते हुए विज ने कहा कि ये काम एजेंसिया कर रही है, भाजपा का इससे कोई लेना देना नहीं है और संजय सिंह किसी तरह से कह भी नहीं सकते और न ही वे किसी पार्टी का नाम नहीं ले सकते। ये सब काम एजेंसिया कर रही है कोर्ट कर रही है आपने (संजय सिंह, आप पार्टी) कोर्ट को जवाब देना है।

**सपने लेने पर कोई टैक्स नहीं लगता - विज**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का अड्डा बनी व कहा कि प्रधानमंत्री बनने का फैसला मै नहीं गठबंधन के घटक दल करेंगे, के प्रश्न पर भी श्री विज ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सपने लेने पर कोई टैक्स नहीं लगता, ये अच्छा ही है कि उनका (राहुल गांधी) काम सपने से ही चल रहा है। साथ ही विज ने कहा कि वे पहले अपने आजु बाजू देखे कौन कौन बैठे हुए है। राहुल व सोनिया ज़मानत पर बैठे हुए है। लालू प्रसाद यादव भी इनके साथ है जिन पर केस चल रहे है इसलिए पहले ये देखे फिर बात करे।

**मोदी जी जो कहते है वो करते है - विज**

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों के पास अब दो ही विकल्प जेल या बेल, इस पर विज ने कहा कि मोदी जी जो कहते है वो करते है और ये जनता में विश्वास बनाना बहुत बड़ी बात है और किसी भी पार्टी के किसी भी नेता की ऐसी विश्वस्नीयता नहीं बनी है।उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पहले भी सिस्टम को पारदर्शी बनाया है और जो भी गलत आदमी थे उन्हें जेल भेजा है और आगे भी भेजा जायेगा।

**आज भाजपा का स्थापना दिवस, बहुत ही शुभ दिन - विज**

उन्होंने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है और बहुत ही शुभ दिन है। विज ने कहा कि भाजपा देश के लिए एक ऐसा चमकता हुआ सितारा है जिसका विकास हर क्षेत्र में हर व्यक्ति तक सामान रूप तक पहुंच रहा है !

# कांग्रेस का घोषणापत्र देश की बेहतरी के लिए हमारे वादों को दर्शाता है : कुमारी सैलजा

**देशवासी नए संकल्प के साथ भारत के नए और सुनहरे कल के निर्माण के लिए कांग्रेस का हाथ मजबूत करें**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र हमारे देश की बेहतरी के लिए हमारे वादों को दर्शाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी के माध्यम से हम हर भारतीय के लिए सर्वश्रेष्ठ का वादा करते हैं। देशवासी इस नए संकल्प के साथ भारत के नए और सुनहरे कल के निर्माण के लिए आगे आए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में रोजगार, सामाजिक न्याय के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की बात की है, पार्टी ने वादा किया है कि वो बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के हक, धार्मिक स्वतंत्रता और उनसे जुड़े हकों और संघवाद की रक्षा करेगी और लोकतंत्र की परिभाषा को चुनाव और वोट से आगे ले जाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस ने युवाओं के रोजगार के संबंध में ट्रेनिंग के लिए लाख रुपये प्रति युवा देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून भी लाया जाएगा और कर्ज माफी का भी प्रावधान होगा। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर इलेक्टोरल बॉंड स्कीम, पीएम केयर फंड, सरकारी संपततियों की बिक्री को लेकर हुई डील्स और रक्षा सौदों की जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कांग्रेस के बड़े वादों में से एक है किसानों की कर्ज माफी का वादा और न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर गारंटी देने वाला कानून, न्यूनतम मजदूरी को कम से कम 400 रुपये रोजाना करने का वायदा भी कांग्रेस के घोषणा पत्र में है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में पार्टी ने जातीय जनगणना करवाने, अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करने की बात कही है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने हर गरीब परिवार को हर साल एक लाख रुपये देने के लिए महालक्ष्मी योजना शुरू करने का वायदा किया है, यह राशि परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला के बैंक खाते में डाली जाएगी। सरकारी परीक्षाओं के आवेदन शुल्क को समाप्त किया जाएगा, एजुकेशन लोन की राशि ब्याज सहित माफ की जाएगी, प्रश्न पत्र लीक होने के मामलों पर फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया जाएगा।

# प्राथमिक अध्यापकों द्वारा स्कूल को कैमरे भेंट करना सराहनीय कार्य : थाना प्रभारी



**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**तोशाम।** स्कूल के में गेट पर कैमरे की व्यवस्था होने से स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी द्य यह बात राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोढा के स्कूल के आगे कैमरा का उद्घाटन के दौरान बहल थाना प्रभारी राधेश्याम ने कहीद्य थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए छात्रों के हित के लिए व सामाजिक सेवा का सहयोग देखकर अच्छा प्रदर्शन वह प्रेरणा का माध्यम रहे। इसके लिए पूरे गांव में कैमरे होने आवश्यक है द्यइसी की पहली शुरुआत गांव के प्राथमिक स्कूल के सामने प्राइमरी अध्यापकों के अपने निजी कोर्स से स्कूल के सामने कैमरे लगाने का कार्य किया वह समाज के लिए एक बेहतर कार्य हैद्य अपने निजी तौर पर स्कूल के लिए कैमरे देना बेहतर बात है और ऐसा कार्य समाज के हर व्यक्ति को करना चाहिए द्यइस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के प्रभारी संजय बुशान ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान होने के नाते सराहनीय कार्य की शुरुआत की हैद्य जो समाज के लिए एक नई दिशा और दशा देने का काम करेगी द्य इस अवसर पर स्कूल के सीनियर अध्यापक समीद्र सिंह सिंह, गांव के सरपंच रामपाल, पूर्व सरपंच रघुवीर सिंह, कतवार के सरपंच जगमाल सिंह, विनोद कुमार ढाका, सुरेंद्र सिंह, दीवान सिंह फौजी, शेर सिंह, कृष्ण कुमार, हवलदार जयवीर सिंह, संदीप कुमार, विंद्र सिंह, वेदपाल टांडी, पवन कुमार आदि उपसथित थे।

# हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोडमैप साबित होगा कांग्रेस का घोषणापत्र : आफताब अहमद

**पूर्व सीएम हुड्डा की कमेटी के सुझाव न्यायपत्र में शामिल, किसानों के लिए होगी एमएसपी की गारंटी व कर्जमाफी- आफताब अहमद**

**हुड्डा की कमेटी के सुझाव न्यायपत्र में शामिल करने के लिए कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद, किसानों को मिलेगा फायदा- आफताब अहमद**

**बेरोजगारी पर नकेल कसेगी कांग्रेस, 30 लाख युवाओं को मिलेगी पक्की नौकरी- आफताब अहमद**

**न्यायपत्र के हरेक वादे को अमलीजामा पहनाएगी कांग्रेस सरकार- आफताब अहमद**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कांग्रेस द्वारा जारी चुनावी घोषणापत्र की जमकर सराहना करी है। उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोडमैप साबित होगा। इसलिए इसे न्यायपत्र का नाम दिया गया है। कांग्रेस सरकार बनने पर इसके हरेक वादे को अमलीजामा पहनाया जाएगा। विधायक आफताब अहमद ने इस बात को लेकर भी खुशी जाहिर की कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कमेटी ने पार्टी के उदयपुर और रायपुर महाधिवेशन में किसानों की सथिति को सुधारने के लिए जो सुझाव दिए थे, उन्हें न्यायपत्र में स्थान मिला है। इसके लिए आफताब अहमद ने पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस ने किसानों की सबसे बड़ी मांग को मानते हुए कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया गया है। साथ ही हरेक गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख की मदद व मनरेगा मजूदरों को 400 रुपए रोज दिहाड़ी देने का ऐलान भी न्यायपत्र में शामिल है।

विधायक आफताब अहमद ने बताया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी के नेतृत्व में चली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवा, किसान, नारी, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गयी थी। उसी को जमीन पर उतारने के लिए पार्टी ने 25 गारंटियों को घोषणापत्र में स्थान दिया है। देश व प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए पार्टी ने युवा न्याय ये तहत युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी दी गई है। साथ ही हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रूपया प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी, पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी, 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जि़ला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी न्यायपत्र में शामिल है। सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए पार्टी ने हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना का ऐलान किया है। न्यायपत्र में संवैधानिक न्याय खंड में लोकतंत्र बचाओ, भय से मुक्ति से लेकर मीडिया, न्यायपालिका की आजादी, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जैसे मुद्दे हैं। इसमें अर्थव्यवस्था से लेकर कला, संस्कृति जैसे तमाम विषयों को स्थान दिया गया है। विधायक आफताब अहमद ने बताया कि न्यायपत्र में आर्थिक न्याय के लिए आर्थिक नीतियों में बदलाव, बेरोजगारी पर नकेल कसने व टैक्स सुधारों पर ठोस विजन रखा गया है। राज्य न्याय के तहत संघीय ढांचे को मजबूती देने के लिए केंद्र तथा राज्यों के संबंधों में और व्यापकता लाने की बात भी इसमें शामिल है। देश की प्रति रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखकर रक्षा न्याय का भी खंड है, जिसमें विदेश नीति भी है।

# करनाल जिले के गाँव बल्हेड़ा में हुआ दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे मुख्य अतिथि



**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व विधान सभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के पक्ष में वोट माँगे**

**हमारी गंगा-जमुना तहजीब व आपसी भाईचारा पूरी दुनिया में है मिसाल: चौधरी ज़ाकिर हुसैन**

**दावत-ए-इफ्तार में 36 बिरादरी के लोगों ने लिया भाग, दिया आपसी भाईचारे व अमन का संदेश**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को करनाल जिले के गाँव बल्हेड़ा (घरौंडा) में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष वाजिद अली व समस्त मुस्लिम समाज द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे तथा दावत-ए-इफ्तार में काफी संख्या में 36 बिरादरी के लोगों ने हिस्सा लेकर हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई सर्व धर्म के आपसी भाईचारे व अमन-चैन का संदेश दिया।

दावत-ए-इफ्तार में प्रमुख रूप से करनाल के ओ बी सी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, जिला महामंत्री मोहन लोडी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी, मंडलाध्यक्ष नरेश, जिला संयोजक संजय, किसान मोर्चा के मंडलाध्यक्ष बिरहन, राजू कुमार चेयरमैन आदि वरिष्ठ नेता गण शामिल हुए। इस अवसर पर सभी लोगों ने देश-प्रदेश में अमन-चैन व भाईचारे तथा उन्नति के लिए दुआएँ माँगी। दावत-ए-इफ्तार में पंहुचनें पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का प्रमुख लोगों ने फूलमालाओं, पुष्प वर्षा व शॉल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि गाँव के मुस्लिम समाज द्वारा इस भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन कर एक सराहनीय कदम उठाया है। दावत-ए-इफ्तार से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढता है। आज दावत-ए-इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लेकर आपसी भाईचारे व आपसी सोहार्द-प्रेम की मिसाल कायम की है। हमें ज्यादा से ज्यादा इस तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा ओर भी ज्यादा बढे। उन्होंने कहा कि गरीब, मजलूम, जरूरतमंद व बेसहाराओं की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ये सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बरकतों, रहमतों व ईबादतों का महीना है। इस पाक महीने में हमें मजलूमों, बेसहारा और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने आगामी लोकसभा चुनावों में करनाल से लोकप्रिय प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा से प्रत्याशी माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पक्ष में वोट की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश का समान विकास किया है और करनाल तो उनका गृह जिला है।

माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और हरियाणा प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उप चुनाव में दोनों लोकप्रिय नेताओं को भारी मतों से विजयी बनाएँ।

दावत-ए-इफ्तार में मौजूद लोगों व गाँव वासियों ने आश्वासन दिया कि दोनों प्रत्याशियों मनोहर लाल व नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएँगे। इस अवसर पर बाशा सरपंच गढी, अय्यूब सरपंच काला गढी, जाकिर मुखिया, चौधरी कैलाश चोपड़ा एडवोकेट, अर्जुन कोरी, के जी बंसल, विकास गुर्जर, सुशील गुर्जर, अनवर खान, मौहम्मद शमसाद नंगला मेघा, कय्यूम, रहीश, सचिन नंदी, दिलप्रीत सिंह, दिनेश शर्मा, ललित शर्मा आदि के अलावा सैंकडों मौजिजान व रोजेदार मौजूद रहे।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की 23वीं पुण्य तिथि मनाई



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** चौधरी बदरूद्दीन अड़बर पूर्व चेयरमैन प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जननायक जनता ने जेजेपी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अड़बर हाउस नूहँ में चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की इस दौरन सर्व धर्म प्रार्थना सभा की आयोजित की गई जिसमें सभी पंथों के सभी धार्मिक आचार्यों ने अपने-अपने पंथ के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की इस अवसर पर चौधरी बदरूद्दीन अड़बर पूर्व चेयरमैन प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जननायक जनता ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने केवल देश की आजादी के लिए जेल काटी बाल्की, हरियाणा के मुख्यमंत्री व देश के उपप्रधानमंत्री के तौर पर किसान श्रमिक पिछडे खेतिहर मजदूर बुजुर्गों सहित तमाम वर्गों के हितोन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ बनाकर उन्हें लागू किया गया जिससे उनका जीवन बेहतर हुआ किसानों के ऋण माफ करके उन्हें भारतीय राजनीति में किसान हितैषी होने का सबसे बड़ा उदाहरण दिया चौधरी बदरूद्दीन अड़बर पूर्व चेयरमैन प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने कहा कि चौधरी देवीलाल द्वारा बुजुर्गों के हित के लिए लागू की गई पेंशन योजना आज पूरे देश में बुजुर्गों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की श्रेणी में नजर बनी हुई है उनको कहा कि सभी को चौधरी देवीलाल के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व देश को उन्नत बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्या और मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए वहीं में भी जेजेपी कार्यकर्ताओं ने चौधरी देवीलाल की पुण्य तिथि श्रद्धा पूर्व मनाई।

# झिर कमल नूंह कार्यालय पर मनाया गया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

## मेवात में लगातार बढ़ रहा भाजपा का जनाधार : चौधरी जाहिद हुसैन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** झिर कमल नूह कार्यालय में भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कार्यकर्ताओ के साथ पार्टी का झंडा झिर कमल नूह में फहराया।उसके बाद पार्टी के नेता स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अरुण जेटली,सुषमा स्वराज अटल बिहारी वाजपेई सहित जिन्होंने पार्टी आगे बढ़ाने में योगदान दिया उनको श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के लिए आज का दिन बहुत अहम है. भाजपा के 45 वे स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस मौके पर पार्टी ''फिर एक बार, मोदी सरकार'' के नारे के साथ जिले के सभी से बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और अपने-अपने घरों पर पार्टी के झंडें फहराए। नूह भाजपा कार्यालय का नाम प्रदेश भाजपा ने झिर कमल किया है।भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने बडी धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया।सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश है।अभी से सभी कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। और सभी में जोश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेश में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है।सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की नीति के साथ कार्य कर रही हैं। और भारतीय जनता पार्टी का मेवात में लगातार जन आधार और विश्वास बढ़ा है।राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव लोकसभा के बहुत ही लोकप्रिय और ईमानदार प्रत्याशी हैं। जिसके लिए मेवात में भारी समर्थन मिल रहा है और मेवात के लोगों में राव इंद्रजीत के प्रति बहुत लगाव है।

स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से संतोष, मीनाक्षी, सालू शर्मा, ज्योति,मंजू, सुमित्रा, ऊषा, अनिता,बबली सहित लगभग 30 महिलाओं ने जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल की अध्यक्षता,ममता जिला सचिव के नेतृत्व ओर मुख्य रूप से भाजपा नेता जाहिद हुसैन की उपसथिति में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष हेमराज शर्मा, डॉक्टर सुरेश बघेल जिला अध्यक्ष ओबीसी, ज्ञानचंद आर्य जिला कोषध्यक्ष, लाजपत राय जिला सचिव, नदीम खान प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया, जैद खान, अजेंद्र नंबरदार, सतीश जिला कार्यालय सचिव, नवीन यादव युवा नेता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता छापना जरूरी : धीरेंद्र खडग़टा

**किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन से संबंधित प्रकाशन गैर कानूनी और एमसीसी का उल्लंघन माना जाएगा**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता अंकित होना जरूरी है। प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम-पता अंकित नहीं होने पर छह महीने की सजा हो सकती है। चुनाव के दौरान सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें तथा प्रचार सामग्री छपवाने वाले व्यक्ति या उम्मीदवार का रिकार्ड भी रखें। प्रचार सामग्री का पूरा विवरण तथा उसकी एक प्रति रिकॉर्ड में अवश्य रखी जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इस संबंध में अपने चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनैतिक दल व चुनाव लडने. वाले उम्मीदवार या उनके समर्थक प्रचार के रूप में पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बैनर इत्यादि छपवाते हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार कोई भी प्रिंटर या प्रिटिंग प्रेस का मालिक किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा है कि छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा और इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा। उपायुक्त ने प्रिंटिंग प्रैस मालिकों व प्रिंटर्स से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री की छपाई न करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए जिला में लोकसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# शराब की अवैध आवाजाही व बिक्री की सूचना व शिकायतों के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड्गटा ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के संबंध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। शिकायतें/सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन टोल फ्री नंबर 18001022012, 0172-4112222 पर दर्ज की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही या बिक्री के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से संबंधित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। उपायुक्त धीरेंद्र खड्गटा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो, इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब



ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला में अवैध शराब ना मिले। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके अलावा अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की डयूटी रहेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गांव स्तर पर सरपंच, नंबरदार, पटवारी तथा ग्राम सचिव की सूचना आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों को मुहैया करवाएं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

## मनरेगा कर्मियों ने सम्मेलन बुलाकर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के समर्थन का किया ऐलान

# कहा– रोहतक से रिकार्ड मतों के साथ जीत दर्ज करेंगे दीपेंद्र हुड्डा

**कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में मनरेगा मजदूरों को मिलेगी देश में सबसे ज्यादा 600 रुपये दिहाड़ी- उदयभान**

**गरीब, दलित, पिछड़े व वंचितों को प्रोत्साहन देना कांग्रेस की रीति-नीति, नए घोषणापत्र में भी इसकी झलक- उदयभान**

**मनरेगा मजदूरों को मिलेगा साल में 150 दिन काम, सरकारी कर्मी का मिलेगा दर्जा- दीपेंद्र हुड्डा**

**वंचित वर्गों का भला ना बीजेपी सोच सकती, ना कर सकती और ना ही होते देख सकती- दीपेंद्र हुड्डा**

**संविधान देश व लोकतंत्र की नींव, बीजेपी को एक एंच भी नहीं टस-से-मस नहीं करने देगी कांग्रेस- दीपेंद्र हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक, 6 अप्रैल।** रोहतक में आज मनरेगा मेट मजदूर श्रमिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेशभर से आए मनरेगा कर्मियों ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के समर्थन का ऐलान किया। सम्मेलन को हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने संबोधित किया। इस मौके पर मनरेगा कर्मियों ने रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा को रिकार्ड मतों के साथ जितवाने का उद्घोष किया।

अपने संबोधन में चौधरी उदयभान ने कहा कि आरटीआई, राइट टू फूड और मनरेगा जैसी योजनाएं कांग्रेस की देन हैं। क्योंकि गरीब, दलित, पिछड़े व वंचितों को प्रोत्साहन देना कांग्रेस की रीति और नीति है। पार्टी ने इस बार जो घोषणापत्र जारी किया है, उसमें भी वंचित वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। मनरेगा की दिहाड़ी को पूरे देश में बढ़ाकर 400 करने का ऐलान किया गया है। वहीं, हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर इसमें प्रदेश सरकार की तरफ से 200 जोड़कर मनरेगा मजदूरों को 600 प्रतिदिन दिहाड़ी दी जाएगी।

चौधरी उदयभान ने बताया कि कांग्रेस के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि अगर सीवरेज साफ करते हुए किसी सफाईकर्मी की मौत होती है तो उसके परिवार को 30 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई चिरंजीवी योजना को पूरे देश में लागू करके 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की योजना लागू की जाएगी। किसानों पर भाजपा द्वारा थोपे गए सभी टैक्स खत्म करते हुए उन्हें एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। किसान, मजदूर व गरीबों की कर्ज माफी के लिए बाकायदा अलग आयोग का गठन होगा।

इस मौके पर दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मनरेगा कर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए कांग्रेस सरकार बनने पर उन्हें पूरा करने की बात कही। सांसद दीपेंद्र ने कहा कि 600 दिहाड़ी के साथ मजदूरों को डेढ़ सौ दिन के काम की गारंटी दी जाएगी। साथ ही मनरेगा का विस्तार ग्रामीण क्षेत्र के बाद शहरी इलाकों में भी होगा। 100100 गज के मुफ्त प्लॉट आवंटन की स्कीम को फिर से शुरू करके मनरेगा कर्मियों को भी इसका लाभ दिया जाएगा। इसबार कांग्रेस सरकार प्लॉट में दो कमरे का मकान बनाने के लिए साढे तीन लाख रुपये अलग से देगी।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मनरेगा कांग्रेसी जननी है और मनरेगा कर्मियों को कांग्रेस अपना परिवार मानती है। लेकिन बीजेपी संसद में मनरेगा योजना का मजाक उड़ाती है। इससे स्पष्ट होता है कि बीजेपी गरीब व वंचित वर्गों का भला ना सोच सकती, ना कर सकती और ना ही होते हुए देख सकती है।

यही वजह है कि देश में तमाम वर्गों को सम्मान व अधिकार देने वाले संविधान को बीजेपी बदलना चाहती है। लेकिन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के दिए इस संविधान से हमारा हमारी आस्था व भावनाएं जुड़ी हैं। क्योंकि इसपर पूज्य दादाजी चौधरी रणबीर सिंह के भी हस्ताक्षर हैं। इसलिए कांग्रेस संविधान को 1 इंच भी टस से मस नहीं होने देगी। क्योंकि यह संविधान हमारे देश, उसके लोकतंत्र व उन्नति की नींव है। इसी संविधान पर अमल करते हुए भारत ने गुलामी की बेड़ियों से लेकर तरक्की की नई ऊंच्चाई का सफर तय किया है।

आज सम्मेलन में विधायक भारत भूषण बतरा, शकुंतला खटक, बलबीर वाल्मीकि,मनरेगा व भवन निर्माण यूनियन के प्रदेश प्रभारी सज्जन इंदाछुई, प्रदेश अध्यक्ष मनरेगा मजदूर समुंद्र सिंह, प्रधान जितेंद्र, कीर्तन यूनियन टोहाना प्रधान सूरजभान कामरेड, दिलबाग कलायत, रामभज, दीपक पंडित, सुमित खत्री, धर्मवीर, नीटू, प्रदीप लंबरदार, बिल्लू, राकेश, धर्मेंद्र, बिट्टू, रामायण, बलवान रंगा, नरेश वाल्मिकी, सुनील मेडल, बलजीत वरिया, अनिल बंसल, राम बहादुर, श्यामलाल, राकेश, रामदुलारी, मंदसौर, मुकेश, बर्बन, मुन्ना भाई, सीमा, पूनम करमगढ़, पूजा, मेजर ठेकेदार, ईश्वर, दीपू समेत के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# कैथल की अनाज मंडी में रणदीप सुरजेवाला व सुशील गुप्ता ने किया डोर टू डोर अभियान

**व्यापारियों व आढतियों ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का भरपूर समर्थन देने का किया ऐलान, आढतियों द्वारा जगह जगह रणदीप सुरजेवाला व सुशील गुप्ता का लड्डुओं से तोलकर किया गया भव्य स्वागत**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कैथल, 06 अप्रैल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज नई अनाज मंडी में कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के समर्थन व वोट की अपील के लिए डोर टू डोर किया। जहां आढतियो व व्यापारियों के साथ मिलकर मंडी की हर दूकान पर जाकर सुशील गुप्ता के समर्थन में वोट डालने की अपील की। वहां नई अनाज मंडी में व्यापारियों व आढतियों ने अपना भरपूर समर्थन देने का ऐलान किया और आढतियों द्वारा जगह जगह रणदीप सुरजेवाला व सुशील गुप्ता का लड्डुओं से तोलकर भव्य स्वागत किया गया।

वहां मिले जनसमर्थन से सुरजेवाला गदगद नजर आएं और अपने संबोधन में बोलते हुए सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 10 साल के अपने शासन से हरियाणा की जनता को ठगने, लूटने व भर्मित करने का काम किया है। आज देश व प्रदेश का किसान, मजदूर, गरीब और व्यापारी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। भाजपा सरकार का छद्म हमेशा किसान, मजदूर, गरीब व व्यापारी विरोधी रहा है। मंडी की आढ़त को कम कर देना, नमी के नाम पर वसूली करना इसका जीता जागता सबूत है। मंडी के आढ़तियों के लाइसेंस रद्द करना, आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू न करना, जो नई मंडिया बनी हैं उन्हें वो मंडिया अलॉट न करना, ये सब किसान, मजदूर व आढ़ती विरोधी सबूत है। किसान और मजदूरों के अनाज की ढुलाई के लिए भी मंडी में पाबंदी लगा दी गई है।

सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार मंडियो पर ताला लगाने का काम कर रही है। आढ़तियों की आढ़त पर डाका डालने का काम केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार ने किया है।

सुरजेवाला ने कहा कि जब 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी कांग्रेस सरकार ने आढ़तियों की आढ़त के लिए 2.50% लेने का क़ानून बनाया था, लेकिन भाजपा जजपा की 10 साल की सरकार में आढ़तियों की आढ़त को ही छीन लिया जो इतिहास में पहली बार हुआ है।

सुरजेवाला ने कहा कि जब आपके अजीज रणदीप सुरजेवाला व कांग्रेस की सरकार थी तो कभी भी व्यापारी साथियों को निराश नहीं होने दिया। उनकी सुरक्षा व उनकी हर अपील को पहली कलम से लागू किया। किसी गुंडे या गैंगस्टर की हिम्मत नहीं थी कि किसी व्यापारी साथी की तरफ आँख उठाकर देख ले। भाजपा के शासन में आढ़ती मुनीश हत्याकांड हुआ लेकिन न आज तक अपराधी पकड़ में आए, न परिवार को सरकारी नौकरी दी, न कोई आर्थिक मदद की। कांग्रेस सरकार में अपराधी कैथल छोड़कर भाग गए थे, उनकी हिम्मत नहीं थी वो शहर की शांति भंग कर दे। इस अवसर पर उनके साथ रामनिवास मित्तल, अश्विनी शोरेवाला, सुरेश गर्ग चौधरी, सचिन मित्तल, राधेश्याम बंसल, सतीश जैन, धर्मपाल मित्तल, रामफल पूर्व पार्षद, अनिल पार्षद, श्रवण क्योडक, तरसेम गोयल, जयकिशन मान, राजू बुढ़ाखेड़ा, कृष्ण शर्मा, राजीव गुप्ता, सुभाष कैलरम, राजकिशन मित्तल, सुरजीत श्योराण, मुनीश सिक्का, अनिल गर्ग, शमशेर मित्तल, प्रमोद गोयल, हैप्पी बंसल, जॉनी मित्तल, योगी मित्तल, राजेश ढाँडा सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

## कांग्रेस द्वारा एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की घोषणा पत्र में शामिल करने का स्वागत : चौ. संतोख सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

गुरुग्राम, 06 अप्रैल। संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के पूर्व प्रधान चौधरी संतोख सिंह ने कांग्रेस पार्टी द्वारा एमएसपी को कानूनी गारंटी देने के लिए अपने घोषणा पत्र न्याय पत्र में शामिल करने का स्वागत किया है।कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र के अनुसार कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा एवं नरेंद्र मोदी ने 2014 में किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी का क़ानून बनाने का वायदा अपने घोषणा पत्र में किया था, लेकिन भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद एमएसपी की गारंटी का क़ानून ना बनाकर किसानों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा भी किया था, लेकिन किसानों की और बढ़ाने की बात तो दूर किसानों की फसलों की लागत और क़र्ज़े से दोगुने हो गए।

उन्होंने कहा कि किसानों ने जब भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एमएसपी की गारंटी का क़ानून बनाने के वायदे को पूरा करने के लिए आंदोलन किया तो भाजपा सरकार ने किसानों को आतंकवादी तथा देशद्रोही तक कहा। उन्होंने कहा कि लगातार 378 दिन तक चले तो किसान आंदोलन में 750 ज़्यादा किसान शहीद हो गए। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ लिखित समझौता किया था कि आंदोलन वापस लेने पर किसानों की माँगो को पूरा किया जाएगा। भाजपा सरकार ने किसानों की माँगो को पूरा ना करके किसानों के साथ विश्वासघात किया है।

उन्होंने कहा कि आज किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य नहीं मिलता और ना ही उत्पादकों के पास अपनी उपज के विपणन के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। निर्यात नियंत्रण ने किसानों को कमजोर कर दिया है। खेतिहर मजदूरों की दुर्दशा तो और भी बदतर है और काम की उपलब्धता अनियमित है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित एवं लाभकारी मूल्य न मिलने से किसानों के क़र्ज़े बढ़ गए हैं और उनका जीवन कठिन हो गया है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है इसलिए आने वाले लोक सभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार को वोट की चोट से सबक़ सिखाएगी।





